


# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 36 अंक 288 | कोरबा, रविवार, दिनांक 20 जुलाई 2025 डाक 21 जुलाई 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
मुंबई में जेजे अस्पताल के शिशु रोग विभाग की एक जूनियर महिला डॉक्टर द्वारा आत्महत्या के प्रयास के बाद हड़ताल पर गए रेजिडेंट डॉक्टर



**देश-विदेश**
वियतनाम में अचानक आया तूफान, पर्यटकों से भरी नाव पलटी, 34 लोगों की मौत



**फीचर पेज**
बालों में गजरा, पिंक साड़ी, रश्मि देसाई के ट्रेडिशनल लुक पर फिदा हुए फैंस



## तमिलनाडु में भारी बारिश: मेट्टूर डैम तीसरी बार भरकर पूरी क्षमता पर पहुंचा, नीलगिरि और कोयंबटूर के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी





**चेन्नई, 20 जुलाई [एजेंसी]।**

तमिलनाडु के प्रमुख जलाशयों में से एक मेट्टूर डैम रविवार को तीसरी बार इस वर्ष अपनी पूरी जल क्षमता 120 फीट तक पहुंच गया है। यह स्थिति पश्चिमी घाट और आसपास के क्षेत्रों में लगातार हो रही भारी वर्षा के कारण हुई तेज जल प्रवाह के चलते बनी है। जल संसाधन विभाग ने डैम से छोड़े जाने वाले जल की मात्रा को 22,500 क्यूसेक से बढ़ाकर 31,000 क्यूसेक कर दिया है, ताकि जल स्तर को नियंत्रित किया जा सके और बांध की संरचनात्मक सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। बाढ़ से कावेरी डेल्टा जिलों के किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई है, क्योंकि वे सिंचाई के लिए मुख्य रूप से कावेरी नदी पर निर्भर रहते हैं। भरपूर वर्षा के चलते खेतों में खरीफ सीजन की गतिविधियों को गति मिलने की उम्मीद है, जिससे खेती को काफी बढ़ावा मिलेगा। हालांकि, प्रशासन ने कावेरी नदी के किनारे स्थित नीचले इलाकों में रहने वाले लोगों के लिए बाढ़ की चेतावनी जारी की है। लोगों से सतर्क रहने और किसी भी आपात स्थिति के लिए तैयार रहने को कहा गया है। राजस्व और आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारी हालात पर कड़ी नजर बनाए हुए हैं और स्थानीय निकायों के साथ समन्वय कर किसी भी संभावित निकासी या राहत कार्य के लिए तैयार हैं। इस बीच, पर्यटकों और आम जनता को डैम और नदी किनारे के इलाकों में प्रवेश से रोक दिया गया है ताकि किसी भी दुर्घटना से बचा जा सके। मेट्टूर डैम, जिसे स्टैनली जलाशय के नाम से भी जाना जाता है, कावेरी नदी प्रणाली के प्रबंधन और तमिलनाडु के कई जिलों में सिंचाई व्यवस्था बनाए रखने में अहम भूमिका निभाता है। बांध प्राधिकरण ने कहा है कि आने वाले दिनों में वर्षा की तीव्रता और जल प्रवाह के अनुसार पानी छोड़े जाने की मात्रा की लगातार समीक्षा की जाएगी। इस वर्ष मेट्टूर डैम पहले जनवरी में और फिर जून में भी अपनी पूर्ण क्षमता तक भर चुका है, जो इस वर्ष के मानसून की तीव्रता को दर्शाता है। अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि वे सतर्क रहें और प्रशासन की सलाहों का पालन करें।

दक्षिण भारत में मौसम में बदलाव का असर साफ तौर पर दिख रहा है। तमिलनाडु के पश्चिमी घाट क्षेत्रों में भारी बारिश जारी है। चेन्नई स्थित क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (आरएमसी) ने रविवार को नीलगिरि और कोयंबटूर जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जहां भारी वर्षा की चेतावनी दी गई है। मौसम विभाग ने बताया कि तमिलनाडु के कई हिस्सों और पड़ोसी राज्यों में 24.4 सेमी तक की वर्षा दर्ज की जा सकती है। ऑरेंज अलर्ट का अर्थ है भारी से बहुत भारी बारिश, जिससे जनजीवन प्रभावित हो सकता है और कई जगहों पर जोखिम उत्पन्न हो सकते हैं। थेनी, डिंडीगुल और तेनकासी जिलों में भी अगले दो दिनों तक तेज बारिश जारी रहने की संभावना है। राज्य के लगभग 50 प्रतिशत मौसम केंद्रों पर हल्की से मध्यम बारिश दर्ज होने की उम्मीद है।

## पाकिस्तान में जलप्रलय, लगातार बारिश से 200 से ज्यादा लोगों की मौत और 560 घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में मानसून की बारिश ने भारी तबाही मचाई है। जून के आखिरी में मानसून की शुरुआत के बाद से 200 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है, जिसमें 100 बच्चे भी शामिल हैं। इस बात की जानकारी जियो टीवी ने पाकिस्तान के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के हवाले से दी है। पाकिस्तान के पंजाब में 123 मौतें, खैबर पख्तूनख्वा में 40, सिंध में 21, बलूचिस्तान में 16, इस्लामाबाद में 1 और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में 1 मौत हुई। हालांकि मौत के कारण अलग-अलग थे, लकिन बताया गया कि मकान



ढहने से कम से कम 118 लोग, अचानक आई बाढ़ की वजह से 30 लोग मारे गए। इसके अलावा डूबने, बिजली गिरने और भूस्खलन की वजह से भी कई लोगों की मौत हुई। भारी बारिश की वजह से 560 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं, जिसमें 182 बच्चे भी शामिल हैं। रावलपिंडी में आई अचानक बाढ़ ने घरों, सड़कों और बाजारों को अपनी चपेट में ले लिया और पूरे मोहल्ले जलमग्न हो गए। जल स्तर खतरनाक रूप से बढ़ गया। कुछ इलाकों में तो पानी छतों से ऊपर पहुंच गया, जिसकी वजह से लोगों को अपना घर छोड़क भागना पड़ा। फैसलाबाद में भी भारी नुकसान हुआ है। यहां सिर्फ दो दिनों की घटनाओं में 11 लोगों की मौत हो गई और 60 लोग घायल हुए। ज्यादातर मौतें मकान ढहने की वजह से हुईं। चकवाल में बारिश के बाद कम से कम 32 सड़कें बह गईं। अगर यूएन न्यूज की हालिया रिपोर्ट की मानें तो पाकिस्तान में अभी और तबाही होनी बाकी है क्योंकि खैबर पख्तूनख्वा और गिलगित बाल्टिस्तान इलाकों में ग्लेशियर झील के फटने से बाढ़ आने की भी आशंका है।

## चंदन मिश्रा मर्डर केस में शूटर तौसीफ नीशू खान समेत आठ गिरफ्तार

### एसटीएफ की कार्रवाई में एक आरोपी भी घायल



**पटना।** पटना के पारस हॉस्पिटल में हुए हत्याकांड में बिहार पुलिस की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने कोलकाता में छापेमारी कर मुख्य शूटर तौसीफ खान उर्फ बादशाह, नीशू खान समेत आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चौंकाने वाली बात यह है कि पुलिस टीम ने कोलकाता के गेस्ट हाउस में छापेमारी के दौरान एक महिला को भी हिरासत में लिया है। हालांकि इस दौरान पुलिस और अपराधियों के बीच गोलीबारी भी हुई। इसमें एक आरोपी भी घायल हुआ है। पुलिस सूत्रों की मानें तो गुप्त सूचना मिली थी कि चंदन मिश्रा को गोली मारने वालों में से एक तौसीफ अपने दोस्तों के साथ कोलकाता के आनंदपुरी इलाके में एक गेस्ट हाउस में छिपा हुआ था। इसके बाद एसटीएफ और कोलकाता पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की। इस दौरान तौसीफ, नीशू खान, हर्ष उर्फ हरीश कुमार, भीम कुमार को गिरफ्तार किया गया है। इनके साथ एक महिला भी थी।

## किशोर आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आया

**बीजापुर।** जिले में आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आने से 16 साल का एक नाबालिग बुरी तरह जख्मी हो गया है। घायल को अस्पताल लाया गया है। बताया जा रहा है कि, नक्सलियों ने जवानों को नुकसान पहुंचाने के मंसूबे से आईईडी प्लांट कर रखी थी। जिसकी चपेट में नाबालिग आ गया। मामला भोपालपट्टनम थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, जिले के कोंडापगडू गांव का रहने वाला नाबालिग कृष्णा गोटा गाय चराने के लिए जंगल गया हुआ था। उस इलाके में नक्सलियों ने जवानों को नुकसान पहुंचाने के लिए पहले से ही बम दबा रखा था। वहीं प्रेशर आईईडी में नाबालिग का पैर आ गया। जिससे जोर का धमाका हुआ। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। धमाके की आवाज सुनकर गांव के लोग भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने नाबालिग को पहले गांव लाया। इसकी जानकारी पुलिस को दी। जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। बताया जा रहा है कि उसकी स्थिति गंभीर है।

## महाराष्ट्र के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ... सीएम फडणवीस की किस बात पर भड़कीं सुप्रिया



**मुंबई, 20 जुलाई [एजेंसी]।**

महाराष्ट्र में भाषा पर छिड़ी तकरार थमने का नाम नहीं ले रही है। राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे के बाद अब NCP-SCP नेता सुप्रिया सुले ने भी मराठी बनाम हिंदी भाषा पर फडणवीस सरकार को घेरना शुरू कर दिया है। सुप्रिया सुले ने महाराष्ट्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सीएम फडणवीस किसी के दबाव में हिंदी को मराठी से ऊपर रख रहे हैं। ऐसा महाराष्ट्र के इतिहास में पहले कभी नहीं हुआ। सुप्रिया सुले ने कहा, मैं देवेंद्र जी के लिए चिंतित हूं। आखिर कौन उनपर दबाव बना रहा है। वो किसके दबाव में यह सबकुछ कर रहे हैं। यह इतिहास में पहली बार हुआ है कि महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री हिंदी को मराठी से ऊपर रख रहा है। वहीं, महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के अध्यक्ष राज ठाकरे ने बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे पर विवादित बयान दिया है, जो इन दिनों राज्य की सियासत में सुर्खियां बटोर रहा है। दरअसल निशिकांत ने राज ठाकरे पर निशाना बोलते हुए कहा था कि मराठी लोगों को हम यहां पर पटक-पटक कर मारेंगे। इसपर पलटवार करते हुए राज ठाकरे ने कहा, तुम मुंबई आओ। मुंबई के समंदर में डुबा-डुबा कर मारेंगे। महाराष्ट्र सरकार ने हाल ही में तीन भाषायी नीति लागू की थी, जिसे बाद में रद कर दिया गया। इस आदेश के अनुसार राज्य में मराठी और अंग्रेजी के अलावा हिंदी को अनिवार्य बना दिया गया था। हालांकि, अब सरकार ने हिंदी को विकल्प के रूप में स्कूलों में शामिल करने का फैसला किया है।

## कंगना रनौत का आपदा में एक और विवादित बयान, मंडी की त्रासदी को भूकंप बता गईं सांसद, लोगों ने किया खूब ट्रोल

**मंडी, 20 जुलाई [एजेंसी]।**

हिमाचल की खूबसूरत वादियों में बसे मंडी जिले पर प्रकृति ने हाल ही में जो कहर बरपाया, उसने यहां की रूह तक को हिला दिया।



सराज, थुनाग, करसोग जैसे इलाके भारी बारिश, भूस्खलन और बाढ़ से कराह उठे हैं। सैकड़ों घर मलबे में दब गए, नदियों ने किनारे तोड़ दिए और कई परिवारों की दुनिया उजड़ गई। जिन घरों में कभी हंसी गूंजती थी, वहां अब सन्नाटा पसरा है।ऐसे समय में जब हर आंख राहत और उम्मीद तलाश रही थी, तब मंडी की सांसद कंगना रनौत के बयान ने लोगों को भीतर तक तोड़ दिया। कंगना ने कहा है कि हमारी मंडी में इतना बड़ा भूकंप आया है कि चारों ओर तबाही ही तबाही है, उनका यह बयान इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित होते ही लोगों में आक्रोश पनप उठा है। स्थानीय लोगों ने उन्हें जोश में होश खोने वाली सांसद कहकर ट्रोल करना शुरू कर दिया। लोग इंटरनेट मीडिया पर उन्हें तरह-तरह की पोस्ट व कमेंट डालकर ट्रोल कर रहे हैं।

## हाथी उत्पात से भैंस की मौत, घर क्षतिग्रस्त



**रायगढ़ 20 जुलाई।** जिले में एक हाथी ने जमकर उत्पात मचाया। सिथरा गांव में 18 जुलाई की रात प्रहलाद राठिया के कच्चे घर की दीवार तोड़कर हाथी अंदर घुसा और गाय कोठा में बंधे भैंस पर हमला कर दिया जिससे उसकी मौत हो गई। मामला छाल रेंज का है। हाथी घर में रखा एक बोरी धान भी का गया और फैला दिया। इसके बाद रात में वह वापस जंगल की ओर चले गया। सुबह वन अमला की टीम मौके पर पहुंचकर नुकसान का आकलन करने में जुट गई है। बताया जा रहा है हाथी जंगल से निकलकर खाने की तलाश में बस्ती तक पहुंच गया था। जहां रहने वाला ग्रामीणों को जब इसकी जानकारी हुई तो ग्रामीणों ने जमकर हल्ला किया। जिससे हाथी वहां से निकलकर गांव के ही राठिया के घर घुस गया था। वन विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक, जिले के जंगल में 136 हाथियों की मौजूदगी है।

## बीएसएफ और एनसीबी की बड़ी कार्रवाई, तीन हुक्का बार पर कसा शिकंजा, ताबड़तोड़ की छापामारी



**अमृतसर।** पंजाब के अमृतसर जिले के नाकरोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) और सीमा सुरक्षाबल (बीएसएफ) ने देर रात रंजीत एवेन्यू इलाके में चल रहे तीन हुक्का बार पर छापामारी कर कुल सात हुक्के बरामद किए है। पता चला है कि छापामारी के दौरान हुक्काबार का स्टाफ फरार हो गया। हुक्का बार पर पूरे पंजाब में इस तरह की यह पहली कार्रवाई है। हालांकि, इससे पहले जिला पुलिस द्वारा ही हुक्का बार पर छापामारी कर नशीले पदार्थ जब्त किए जाते हैं। एनसीबी के प्रवक्ता ने बताया कि लगातार सूचनाएं मिल रही थी कि रंजीत एवेन्यू में अवैध रूप से कई हुक्का बार चल रहे हैं।इसके बाद एनसीबी ने अपने स्तर पर जांच की और शनिवार की रात ग्यारह बजे रंजीत एवेन्यू में रेस्टोरेंट एल्गिन, लोकल और हिड्डन में जाकर दबिश दी। वहां देखा गया कि छोटी आयु के युवा नशे का सेवन कर रहे थे। यही नहीं एनसीबी और बीएसएफ के उक्त ज्वाइंट आपरेशन में सात हुक्के और कुछ फ्लेवर उक्त अलग अलग ठिकानों से बरामद किए गए हैं। हालांकि, हुक्के का सेवन करने वालों को समझा कर छोड़ दिया गया है। हुक्के और फ्लेवर उक्त दोनों एजेंसियों ने थाना रंजीत एवेन्यू के हवाले कर दिए हैं और साथ ही उक्त रेस्टोरेंट के मालिकों और स्टाफ के खिलाफ पर्चे दर्ज करने की हिदायतें भी जारी की गई है।

## सीआरपीएफ जवान ने महिला एएसआई को मार डाला



**कच्छ।** गुजरात के कच्छ जिले के अंजार पुलिस स्टेशन की एएसआई अरुणाबेन नटूभाई जादव (उम्र 25) की कल रात हत्या कर दी गई। बताया जाता है कि उनकी हत्या उनके पुरुष मित्र ने उनके घर पर गला घोंटकर की। फिलहाल पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार अरुणा जादव मूल रूप से सुरेंद्रनगर के देरवाड़ा की रहने वाली थीं और अंजार के गंगोत्री सोसाइटी-2 में रहती थीं। कल देर रात किसी बात को लेकर अरुणा और उनके पुरुष मित्र दिलीप डांगचिया के बीच जमकर झगड़ा हुआ। जिसके बाद दिलीप ने अपना आपा खो दिया और अरुणा की गला घोंटकर हत्या कर दी। हत्याकांड को अंजाम देने के बाद दिलीप ने खुद पुलिस के समक्ष सरेंडर कर दिया। दिलीप केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) में कार्यरत है और मणिपुर में तैनात है. दिलीप अरुणा के पड़ोस के एक गांव का रहने वाला है। फिलहाल अंजार पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। अंजार डिप्टी एसपी मुकेश चौधरी ने बताया कि 25 वर्षीय एएसआई अरुणाबेन नटूभाई जादव दोस्त ने घर में गला दबाकर हत्या कर दी। दोनों के बीच शनिवार देर रात को किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। हत्या के बाद आरोपी ने पुलिस में खुद सरेंडर कर दिया। आरोपी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) में कार्यरत है।

## मूसलाधार बारिश से भूस्खलन 9 की मौत, कई लापता

**सियोल।** दक्षिण कोरिया में लगातार चार दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश ने भीषण तबाही मचाई है। दक्षिण ग्योंगसांग प्रांत के सांचियोंग काउंटी में भूस्खलनों के चलते कम से कम 9 लोगों की मौत हो गई है, जबकि कई अन्य लापता हैं। शनिवार सुबह सांचियोंग के एक गांव में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन ने कई घरों को अपनी चपेट में ले लिया। इस दौरान एक 60 वर्षीय व्यक्ति अचेत अवस्था में मिला, जिसे कार्डियक अरेस्ट की स्थिति में पाया गया। एक अन्य गांव में हुए भूस्खलन में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दोपहर के बाद हुए एक और कीचड़ भूस्खलन ने दो और लोगों की जान ले ली और एक व्यक्ति लापता हो गया।

**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**

**चर्म, गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार**

डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद)

डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर, रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक, बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

## छांगुर के भतीजे समेत दो गिरफ्तार, हबीब बैंक एजी ज्यूरिख में मिला खाता, ईडी के हाथ लगे अहम दस्तावेज



**बलरामपुर, 20 जुलाई [एजेंसी]।**

अवैध मतांतरण, विदेशी फंडिंग में गिरफ्तार छांगुर उर्फ जलालुद्दीन, नीतू, नवीन के काले कारनामों की परत दर परत जांच में खुल रही है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को कई चौंकाने वाले दस्तावेज छापेमारी में हाथ लगे हैं। छांगुर के उतरौला नगर में स्थित शोरूम से ईडी को कई दस्तावेज मिले हैं। इसमें हबीब बैंक एजी ज्यूरिख के खाता के लेन-देन का विवरण मिला है। यह बैंक खाता किसके नाम और किस देश की शाखा में है, इसका उल्लेख ईडी ने शोरूम पर चस्पा नोटिस में नहीं किया है। हबीब बैंक एजी ज्यूरिख के स्विट्जरलैंड समेत 11 देशों में शाखाएं है। ऐसे कई साक्ष्य मिले हैं, जिनसे पता चलता है कि जो धन गिरोह के पास है, वह अपराध की आय है।

विभिन्न लोगों को करोड़ों रुपये की अचल संपत्तियां खरीदने और संपत्ति से निर्माण गतिविधियां चलाने के लिए स्थानांतरित करना पाया गया है।बीते 17 जुलाई को ईडी ने छांगुर समेत उनके करीबियों के 15 ठिकानों पर छोपेमारी की थी। छांगुर के बाबा ताजुद्दीन आश्वी बुटीक सुभाषनगर में स्थित शोरूम में ईडी की टीम को करीब 25 अहम अभिलेख मिले हैं। इसमें कई ऐसे कागज मिले हैं, जिसमें लिखे नामों को छांगुर या उसकी सहयोगी नीतू ही जानती है। इसमें नासिर वाडीलाल के बीच समझौता, नासिर वाडीवाल का छांगुर के पक्ष में अपरिवर्तनीय पावर आफ अटार्नी,सफीउल्लाह, समीउल्लाह, प्रदीप बी तिवारी, राजनारायण आर सिंह के बीच समझौता, नसीर वाडीलाल से वाहन बिक्री समझौता का अभिलेख मिला है।

इसके साथ ही यूनाइटेड मरीन एकाउंट से मेसर्स कृष्णा इंटरनेशनल एफजेडीई के खाते में लेनेदेन, रास अल खैमाह सरकार के मेसर्स आरएके इन्वेस्टमेंट अथारिटी के साथ मिस आश्वी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल बलरामपुर की संरचना की इंटीग्रल यूनिवर्सिटी लखनऊ से परीक्षण रिपोर्ट की प्रति भी मिली है। तलाशी में मिले अभिलेखों की ईडी गहनता से जांच कर रही है। छांगुर गिरोह के नेटवर्क की तह तक पहुंचने के लिए जांच एजेंसियां सक्रिय हैं। अवैध मतांतरण गिरोह का सरगना छांगुर बहुत शातिर है। उसने अर्जित सभी अचल संपत्तियां सहयोगी नवीन रोहरा और नीतू रोहरा के नाम ही ली हैं। इससे मनी लांड्रिंग में छांगुर अपनी सीधी संलिप्ता को छुपा सके। ऐसी आशंका व्यक्त कर जा रही है।

# लाईवलीहुड कॉलेज कोरबा में कल मनेगा कौशल तिहार,तैयारी पूरी

**कोरबा।** कौशल तिहार 2025 जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 21 जुलाई 2025 को लाईवलीहुड कॉलेज कोरबा मे ईलेक्ट्रिकल इन्स्टालेशन, हैल्थ एवं सोशल केयर तथा फील्ड टेकनीशियन ईलेक्ट्रानिक्स कोर्स मे किया जाना है। मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना एवं प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के प्रशिक्षित हितग्राही जो वित्तीय वर्ष 2023-24, 2024-25 अथवा 2025-26 मे उक्त ट्रेड मे प्रशिक्षित हुये हैं अथवा प्रशिक्षणरत हैं तथा 22 वर्ष से 45 वर्ष की आयु समूह के हैं उक्त तिहार मे भाग ले सकते हैं । प्रत्येक ट्रेड से चयनित 02 विजेता राज्य स्तर की प्रतियोगिता मे भाग लेंगे । कौशल तिहार 2025 का आयोजन मुख्यत: कौशल प्रतियोगिता के माध्यम से कौशल प्रशिक्षित एवं प्रशिक्षणरत युवाओं को प्रोत्साहित करने एवं उनके कौशल के प्रदर्शन पर केन्द्रित है । कौशल उत्सव का उद्देश्य युवाओं में कौशल के प्रति जागरूकता लाना एवं विजेताओं को इंडिया स्किल्स 2025 के क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना, जो संभवत: वर्ल्ड स्किल्स 2026 में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे । जिला स्तरीय कौशल तिहार मे भाग लेने हेतु छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास प्राधिकरण की वेबसाईट के कौशल तिहार कालम के क्लिक कर कौशल प्रतियोगिता हेतु ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं । केवल पंजीयन किए गए प्रतिभागी ही जिला स्तरीय कौशल तिहार मे भाग लेने हेतु पात्र होगे ।

# एमजेएम हास्पीटल का शुभारंभ आज स्वास्थ सेवाओं में आएगी एतिहासिक क्रांति




कोरबा । मीना जैन मेमोरियल (एमजेएम)हास्पीटल नया बस स्टैंड का शुभारंभ आज दोपहर 2 बजे होने जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरूण साव उपमुख्यमंत्री होंगे। जबकि अध्यक्षता वाणिज्य और उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन करेंगे। इस दौरान महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत उपस्थित रहेंगे। डॉ. प्रिंस जैन ने बताया कि कोरबा शहर अंतर्गत मीना जैन मेमोरियल अस्पताल के प्रारंभ होने से अंचल की स्वास्थ्य सेवाओं में ऐतिहासिक क्रांति आएगी।

अंचलवासियो को वर्षों से एक ऐसे अस्पताल का इंतजार था, जो अंचल में इलाज की गुणवत्ता भी दे और खर्च में राहत भी दे। माना जा रहा हैं की अब यह इंतजार खत्म हो जाएगा, क्योंकि मीना जैन मेमोरियल अस्पताल एक ऐसा मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पताल हैं, जो न सिर्फ अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है, बल्कि कोरबा का सबसे भरोसेमंद और किफायती अस्पताल भी साबित होने जा रहा है। एमजेएम की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह रायपुर जैसी सुविधाएं, अब कोरबा में आधे से भी कम खर्च पर उपलब्ध करा रहा है। यह अस्पताल एक ही छत के नीचे 100 बेड, 22 बेड आईसीयू, 5 बेड एनआईसीयू, मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर, 24 घंटे इमरजेंसी, सोनोग्राफी, एक्सरे, सिटी स्कैन और हाईटेक पैथोलॉजी लैब की सुविधाएं देगा। यह अस्पताल नया बस स्टैंड, विशाल मेगामार्ट के सामने स्थित हैं, हर वर्ग और हर क्षेत्र के लोगों के लिए आसानी से पहुंच योग्य रहेगा। ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों को भी अब चिकित्सा सुविधा के लिए लंबी यात्रा नहीं करनी पड़ेगी।

कोरबा। जिले के कोरबा एवं कटघोरा वन मंडल में हाथी समस्या जारी है यहां के जंगलो में बड़ी संख्या में हाथी विचरण कर रहे है। जिससे ग्रामीणों को खतरा बना हुआ है।



## ग्रीन डे मनाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**कोरबा ।** हाउसिंग बोर्ड बालको में संचालित सुमी नर्सरी अंग्रेजी माध्यम स्कूल के प्री प्रायमरी के नन्हे बच्चों ने ग्रीन डे उत्साह के साथ मनाया। कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को प्रकृति से प्यार करना, उसकी देखभाल करना व पर्यावरण को स्वच्छ रखने उसे प्रदूषण से बचाने का महत्व बताया गया। इस अवसर बच्चों ने हरे रंग के परिधान में स्कूल पहुंचकर गीत, कविता एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कक्षा को हरे रंग के गुब्बारे, रिबन व विभिन्न क्राफ्ट वर्क से सजाया गया था। संस्था के डायरेक्टर सूर्यकांत ठाकुर ने बच्चों को बताया कि यदि हम अपने जीवन से प्यार करते है, तो पेड़ पौधे से लगाव रखना अनिवार्य है। पेड़ पौधे है तो जीवन है। हम सबका कर्तव्य बनता है कि अधिक से अधिक पेड़ लगाए और उनको संरक्षित भी करें।

# अभियान-स्वयंसेवकों ने पौधे लगाए पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**कोरबा।** गवर्नमेंट गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल साडा कोरबा में शनिवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया गया। स्कूल की राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी सविता पाठक, सह प्रभारी रेणुका लदेर के नेतृत्व में रासेयो की स्वयं सेवक छात्राओं के साथ स्टाफ ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम अधिकारी ने छात्राओं के पेड़ों का महत्व बताया। रोपित पौधों को संरक्षित करने का संकल्प छात्राओं ने ली। इस मौके पर प्राचार्य रणधीर सिंह, वरिष्ठ व्याख्याता रमा कर्मकार, रेणुका नायक, प्रेमलता साहू, गरिमा थवाईत व अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।






## एमजीएम स्कूल बालको में छात्र संघ शपथ ग्रहण हुआ

**बालकोनगर।** एमजीएम स्कूल बालको में शनिवार को छात्र संघ का चुनाव व शपथ ग्रहण समारोह हुआ। प्राचार्य फॉदर सन्नी जॉन ने सभी चयनित छात्रों को बैच और शेष लगाकर सम्मानित किया। छात्रों ने मार्च पास्ट कर ध्वज वंदन करते हुए सलामी दी। इसका नेतृत्व विद्यालय के हेड ब्वॉय और हेड गर्ल ने किया। हेड ब्वॉय डी बालाकृष्णा ने कहा कि मैं अपने पद की गरिमा को बनाए रखते हुए अपने कर्तव्य का निर्वहन भली भांति करूंगा। हेड गर्ल आयुषी मेजरवार ने भी अपने पद व गोपनीयता की शपथ लेते हुए अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करने व अनुशासन में रहकर कार्य करने की बात कही।

हेड ब्वॉय डी बालाकृष्णा ने सभी चयनित सदस्यों को उनके पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। प्राचार्य जॉन ने सभी छात्रों से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन अनुशासित रहकर करने की बात कही, ताकि उन्हें देखकर विद्यालय के सभी छात्र अनुशरण करें। अंत में राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# साहू महिला मंडल दीपका ने माता कर्मा मंदिर में मनाया सावन उत्सव

**कोरबा।** साहू महिला मंडल दीपका ने माता कर्मा मंदिर में सावन उत्सव धूमधाम से मनाया। उक्त कार्यक्रम में पहुंची महिलाएं बंगाली परिधान में नजर आईं। महोत्सव की बंगाली लुक थीम भी रही। सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोकगीत व नृत्य से कार्यक्रम को महिलाओं ने यादगार बनाया। सावन क्वीन चुनी गईं वेदिका साहू को महिलाओं ने ताज पहनाकर सम्मानित किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कोरबा साहू संघ के संरक्षक गिरिजा साहू व विशिष्ट अतिथि गेवरा-दीपका क्षेत्र के अध्यक्ष मुकेश साहू, सचिव लक्ष्मीनारायण साहू, कार्यवाहक अध्यक्ष रविकांत साहू रहे। इस मौके पर कुमारी साहू, पूर्णिमा साहू, बाबूलाल साहू समेत अन्य विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन संगठन के प्रदेश प्रचार सचिव वंदना साहू ने किया।



# निजी कंपनी में काम करने वाले कामगारों को सामाजिक सुरक्षा देने की मांग की गई

**कोरबा।** सांसद प्रतिनिधि पंकज कुमार सोनी ने कलेक्टर और श्रमायुक्त को ज्ञापन सौंपकर विभिन्न कंपनियों में काम करने वाले युवाओं को सामाजिक सुरक्षा देने की मांग की है। उन्होंने इस संबंध में ज्ञापन भी सौंपा है। सोनी का कहना है कि गिग वर्कर्स बड़ी संख्या में काम करते हैं। विभिन्न कंपनियों के लिए डिलीवरी करने अपनी सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन उन्हें सामाजिक सुरक्षा योजना ईएसआई, पीएफ और दुर्घटना बीमा का लाभ नहीं मिल पाता है।

स्थाई सामाजिक सुरक्षा का अभाव बना हुआ है। इनका पंजीकरण भी नहीं है। न्यूनतम वेतन या आय की कोई गारंटी भी नहीं है। इन कंपनियों की मनमानी से उन्हें परेशानी का सामना भी करना पड़ता है। इसके लिए जिले में भी सामाजिक सुरक्षा देने ठोस कार्रवाई होनी चाहिए।



# शराब पीने के लिए पैसा नही दिया तो युकां नेता को जमकर पीटा, घायल

**कोरबा।** युवा कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष को रास्ते में रोककर दो परिचित युवकों ने शराब पीने के लिए पैसे मांगे। मना करने पर उन्होंने सरिया से हमला करते हुए युवा नेता का पैर तोड़ दिया। घटना कोरबा-बालको मार्ग पर रामपुर शराब दुकान के पास गुरुवार रात हुई। अस्पताल चौकी पुलिस के मुताबिक युवा कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष नितिन चौरसिया बाइक सवार होकर ढेंगुरनाला की ओर से घर की ओर लौट रहे थे।इस दौरान रामपुर शराब दुकान और आईटीआई चौक के बीच परिचित युवक राजेश कसेर ने रोक लिया। वह शराब पीने के लिए पैसा मांगने लगा। मना करने पर वह जबरन चौरसिया के जेब से पैसे निकालने लगा। विरोध करने पर राजेश गाली-गलौच करते हुए मारपीट पर उतारू हो गया। इस दौरान राजेश का साथी शराफत (26) सरिया लेकर वहां पहुंचा।दोनों ने मिलकर सरिया से उसपर हमला कर दिया। इस दौरान चौरसिया का पैर टूट गया। घटना को अंजाम देकर दोनों आरोपी मौके से भाग निकले। राहगीरों ने घटना की सूचना डायल 112 की टीम को दी। 112 की टीम मौके पर पहुंची, जहां घायल पड़े चौरसिया को मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया गया। मामले में अस्पताल से अस्पताल चौक में सूचना दी। अस्पताल चौकी प्रभारी दाऊद कुजूर के मुताबिक मामले में पीड़ित का बयान दर्ज किया है। उसने दो परिचित युवकों द्वारा सरिया से हमला करना बताया है। मामले में आगे जांच व कार्रवाई के लिए केस डायरी सिविल लाइन थाना भेजी जाएगी।

### रेत से लदा टिप्पर का टायर फटा, मची अफरा-तफरी, बाल-बाल बचे लोग

कोरबा। शहर के भीड़भाड़ वाले इलाके में गुरुवार को उस वक्त हड़कंप मच गया जब निहारिका टॉकीज के समीप रेत से लदा एक टिप्पर अचानक तेज धमाके के साथ फट गया। टायर फटने की तेज आवाज से आसपास खड़े लोग और राहगीर घबरा गए और जान बचाकर इधर-उधर भागने लगे। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई घायल नहीं हुआ।घटना स्थल के पास मौजूद लोगों ने बताया कि गायत्री मेडिकल के सामने एक टिप्पर खड़ा था, जिसमें रेत भरी हुई थी। रेत पूरी तरह गीली थी और उससे लगातार पानी टपक रहा था। जिससे यह स्पष्ट हो गया कि रेत हाल ही में नदी से निकाली गई है, और यह मामला रेत की तस्करी से जुड़ा है।

# निगम के एक्शन टीम की कार्रवाई जारी कोसाबाड़ी चौक पर अतिक्रमण हटाया

**कोरबा।** नगर निगम की एक्शन टीम के साथ आयुक्त आशुतोष पांडेय ने शुक्रवार सुबह कोसाबाड़ी चौक से जिला अस्पताल का भ्रमण किया। इस दौरान दुकानों के सामने सड़क और फुटपाथ पर किए गए अतिक्रमण को भी हटाया।

आयुक्त ने शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने लोगों को प्रेरित किया। निगम आयुक्त ने जिला अस्पताल और पोड़ीबहार बस्ती में सफाई कार्यों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने मुख्य मार्ग पर गुमटी और ठेला लगाने वाले व्यवसायियों को कड़ी हिदायत भी दी है। उन्होंने कहा दुकानों और गुमटियों के सामने प्लास्टिक जमा होने नहीं दें। दुकान संचालक भी डस्टबिन रखें और ग्राहकों से कचरा को डस्टबिन में डालने प्रेरित करें। ऐसा नहीं होने पर जुर्माना वसूलने की कार्रवाई होगी। भ्रमण के दौरान कोयले की अंगीठी जलते हुए देखने पर कच्चे कोयले को जब्त किया। इससे आसपास धुआं फैल रहा था।

उन्होंने सफाई कर्मियों से भी चर्चा कर सुरक्षा उपकरण और ड्यूटी की जानकारी ली। पोड़ीबहार बस्ती के लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं जानी। उन्होंने कहा कि चौक के तिराहे पर व्यवसायिक परिसर के पास कचरा जमा न करें। इस मौके पर आयुक्त विनय मिश्रा, जोन कमिश्नर भूषण उरांव, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय तिवारी के साथ अधिकारी मौजूद रहे।



## दीपका में पार्षद ने किया स्कूली बच्चों को गणवेश वितरण



**दीपका।** छत्तीसगढ़ शासन की योजना के अंतर्गत प्रत्येक वर्ष स्कूली बच्चों को गणवेश प्रदान किया जाता है। इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 09 दीपका के शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला दीपका में वार्ड पार्षद एवं विधायक प्रतिनिधि श्री सुजीत सिंह द्वारा कक्षा पहली से आठवीं तक के सभी विद्यार्थियों को गणवेश वितरित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष श्रीमती रुक्मणी साहू, संकुल शैक्षिक समन्वयक भवदीप कुमार दुबे, माध्यमिक शाला की प्रधान पाठिका श्रीमती कुसुम गौतम, प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक अजय कुमार पटेल, शिक्षिका श्रीमती बिना सिंहा एवं श्रीमती सविता कंवर विशेष रूप से उपस्थित रहीं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान पाठक द्वारा पार्षद सुजीत सिंह का आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय की अन्य मूलभूत आवश्यकताओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराया गया, जिस पर पार्षद द्वारा त्वरित समाधान का आश्वासन दिया गया।नए गणवेश प्राप्त कर बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह स्पष्ट रूप से झलक रहा था

# एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत रोपे गए पौधे

### वन विकास निगम के अध्यक्ष पूर्वगृह मंत्री रामसेवक पैकरा हुए शामिल

### 20 हेक्टेयर क्षेत्र में 50000 पौधे लगाने का लक्ष्य

**कोरबा ।** एनटीपीसी-कोरबा के सौजन्य से छ.ग. राज्य वन विकास निगम के औद्योगिक वृक्षारोपण मंडल ने एनटीपीसी चारपारा राखड़बांध में ष्एक पेड़ माँ के नामष् अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में वन विकास निगम रायपुर के अध्यक्ष पूर्व गृहमंत्री राम सेवक पैकरा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, अन्य अतिथियों में कोरबा नगर निगम महापौर संजू देवी राजपूत, निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय, कोरबा वन मंडल के एसडीओ आशीष खैरवार, वन विकास निगम कोरबा के मंडल प्रबंधक दिवाकर पाठक सहित जनप्रतिनिधि और अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शामिल अतिथियों ने ष्एक पेड़ माँ के नामष् अभियान के तहत पौधरोपित किया और हरियाली की दिशा में अपना अमूल्य योगदान दिया। वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा ने मीडिया से कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को ष्एक पेड़ मां के नामष् लगाने कि जो प्रेरणा दी हैं, उसी तारतम्य में पौधरोपण किया गया है, जो ऑक्सीजन की कमी को दूर कर पर्यावरण विकास की दिशा के लिए हैं। वही वन विकास निगम के मंडल प्रबंधक दिवाकर पाठक ने बताया कि यहा 20 हेक्टेयर क्षेत्र में 50,000 नग पौधों का रोपण करने का लक्ष्य हैं जिसके तहत साल, शीशम, कहुआ, जामुन जैसे मिश्रित पौधे रोपित किए जाएंगे, जो औद्योगिक क्षेत्र से फैल रहे प्रदूषण को कम कर करने में सहायक होंगे और कोरबा को शुद्ध वातावरण प्रदान करेंगे।

### खुले गड्ढे में डूबा बच्चा, कांग्रेस नेता दुर्गेश राय ने साझा किया परिजनों का दर्द

**जगदलपुर।** बस्तर संभाग अंतर्गत सुकमा जिले के पोटकपल्ली गांव में तीन सप्ताह पहले घटी एक दिल दहला देने वाली घटना ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया है। पानी टंकी के पास खुले छोड़े गए सोख्ता टैंक में गिरने से तीन वर्षीय मासूम बच्चे दीरदो चंदू की दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना की जानकारी मिलते ही प्रदेश कांग्रेस के सचिव दुर्गेश राय पीड़ित परिवार से मिलने गांव पहुंचे। उन्होंने परिजनों का दर्द साझा किया, उन्हें सांत्वना दी। शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात के दौरान कांग्रेस नेता दुर्गेश राय ने मासूम की मां दीरामे से घटना का पूरा विवरण सुना। आंखों में आंसू लिए मां ने बताया कि हादसे के दिन वह खेत में काम कर रही थी और बच्चा घर के आंगन में खेल रहा था।

## कोयला खदान में मिट्टी और शेल पत्थर की मिलावट पर बढ़ा विवाद

**कोरबा।** एसईसीएल की गेवरा कोयला खदान इन दिनों एक बड़े विवाद के केंद्र में है। जहां एक ओर खदान कोयले के उत्पादन और प्रेषण के नए कीर्तिमान बना रही है, वहीं दूसरी ओर घटिया गुणवत्ता वाले कोयले की आपूर्ति से जुड़ी कुछ तस्वीरें और शिकायतें भी सामने आ रही हैं, जिसने पूरे क्षेत्र में हलचल मचा दी है।

जानकारी के अनुसार मामला गेवरा खदान के ओल्ड दीपका स्टॉक से जुड़ा है, जहां बड़े पैमाने पर कोयले के नाम पर मिट्टी और शेल पत्थर का स्टॉक ट्रकों में भरकर पावर प्लांट्स को भेजने का आरोप लगा है। बताया जा रहा हैं की इन ट्रकों में लोड कोयले की जब प्लांट में जांच होती है, तो उसकी जीसीवी (ग्रॉस कैलोरिफिक वैल्यू) मात्र 3200 पाई जा रही है, जबकि गेवरा खदान के कोयले की गुणवत्ता 3800 से 4000 के बीच होनी चाहिए।कोल लिफ्टरों और डीओ होल्डरों का कहना है कि खराब गुणवत्ता वाले कोयले की आपूर्ति के कारण पावर प्लांट्स द्वारा उनके भुगतान में कटौती की जा रही है। एक ट्रक पर उन्हें 20 से 30 हजार रुपये तक की आर्थिक क्षति हो रही है।आरोप लगाते हुए जानकारी दी जा रही हैं की कोल क्षेत्र से जुड़े अधिकारियों द्वारा यह कहा जा रहा है कि बारिश के मौसम में ऐसा ही कोयला मिलेगा लोड करना है तो करो, नहीं करना है तो मत करो। यह रवैया कोल लिफ्टरों के बीच नाराजगी का कारण बना हुआ है। लिफ्टरों का आरोप है कि उन्हें घटिया कोयला लोड करने के लिए मजबूर किया जा रहा है।

# नाली सफाई एवं पानी निकासी नहीं होने से स्कूली बच्चों को हो रही परेशानी

**सीताराम नायक**

**जांजगीर-चांपा।** नगर पालिका परिषद जांजगीर नैला के वार्ड क्रमांक 19 में स्कूली बच्चों को भारी असुविधा हो रही है जहां स्कूल मार्ग में नाली की सफाई नहीं होने से पूरा मार्ग गंदे पानी से जलाशय का रूप ले लिया है,जिसके कारण स्कूली बच्चों को स्कूल आने जाने में भारी मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञात हो कि वार्ड क्रमांक 19 में सिंचाई विभाग की कॉलोनी एवं कार्यालय के पास डिवाइन पब्लिक स्कूल संचालित है। इस विद्यालय में बहुतायत संख्या में विद्यार्थी विद्या अध्ययन करने के लिए आते हैं परंतु इसके राह में कॉलोनी का पानी तथा घरों का पानी सड़क में भराव ले रहा है जिसके कारण बच्चों को गंदे पानी को पार करके स्कूल आना जाना पड़ता है। यहां पानी का निकासी ठीक नहीं होने के कारण अधिकतर समय घरों के सामने बनी सीसी रोड में पानी का भराव रहता है। जहां आए दिन दूषित पानी के कारण बदबू का वातावरण रहता है। इसी गंदे पानी को पार करके तथा इसी माहौल में बच्चों को आना जाना पड़ता है



इसके कारण बच्चों का जूता मोजा गीला हो जाता है। कई बार तो रिक्शा से आने जाने वाले स्कूली बच्चे दुर्घटना ग्रसित हो जाते हैं क्योंकि कई बार रिक्शा नाली में घुस जाता है बावजूद इसके क्षेत्र के जनप्रतिनिधि इस विकराल समस्या को दूर करने के लिए जरा भी ध्यान नहीं देत रहे हैं। वहीं नगर पालिका को चाहिए कि स्कूल के आसपास का वातावरण साफ सुथरा हो इसके लिए उन्हें सतत विकास कार्य सफाई, निगरानी करने की आवश्यकता है।

इस संबंध मे ज्ञात हो कि यहां संचालित डिवाइन पब्लिक स्कूल रहने को तो अन्य स्कूलों की तुलना में छोटा है किंतु यहां पढ़ाई का स्तर बहुत ही अच्छा है जिस कारण से लोग यहां अपने बच्चों को पढ़ाना अधिक उचित समझते हैं। जिसके कारण यहां पढ़ने के लिए बच्चे रिक्शा से एवं अन्य वाहनों से आने के साथ-साथ पैदल भी चल कर आते हैं किंतु नगर पालिका परिषद जांजगीर नैला की उदासीनता के कारण यहां तकलीफों में बच्चों को स्कूल आना जाना पड़ रहा है। अगर नाली की सफाई कर दी जाती है तो एवं पानी निकासी की व्यवस्था समुचित हो जाती है तो बच्चों को इससे राहत मिल जाएगी । साथ ही साथ अधूरे नाली का निर्माण भी आवश्यक है जिसके अभाव में लोग घरों का पानी सड़कों में डाल रहे हैं। वार्ड क्रमांक 19 में कहने को तो कांग्रेस पार्षद देवराज सिंह चंदेल निर्वाचित हुए हैं किंतु उनकी बातों को कांग्रेसी होने के कारण नगर पालिका के अधिकारी एवं अध्यक्ष के द्वारा हमेशा दरकिनार किया जाता है इस वार्ड में वैसे तो और भी अनेक समस्या है जिसे दूर किया जाना आवश्यक है परंतु डिवाइन पब्लिक स्कूल के पास नाली का निर्माण तथा नालियों की सफाई के अलावा पानी का निकासी का व्यवस्था किया जाना अत्यंत आवश्यक है। जिसके लिए पार्षद

देवराज सिंह चंदेल को ध्यान देने की जरूरत है, क्योंकि घरों का पानी सड़कों में भराव हो जाने के कारण यहां मच्छरों का भी प्रकोप हमेशा रहता है जिससे डेंगू, मलेरिया सहित अन्य बीमारी फैलने की आशंका प्रबल नजर आती है इसलिए नगर पालिका परिषद जांजगीर नैला को चाहिए कि तत्काल डिवाइन पब्लिक स्कूल के पास नालियों की सफाई एवं पानी का निकासी तत्काल करानी चाहिए। नगर पालिका द्वारा इस समस्या के निदान के लिए ध्यान नहीं दिए जाने के कारण अब वार्ड वासियों के मन में भी पालिका के प्रति आक्रोश बढ़ने लगा है जो आने वाले समय में अतिशीघ्र धरना प्रदर्शन की तैयारी में लग गए हैं इससे बचने के लिए नगर पालिका को वार्ड क्रमांक 19 के समस्याओं का समाधान करना आवश्यक है।

## कृषि विभाग के उड़नदस्ता टीम द्वारा जिले के विभिन्न उर्वरक विक्रय केन्द्रों का किया गया औचक निरीक्षण



**जांजगीर-चांपा ।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में जिले के कृषकों को सुगमता पूर्वक गुणवत्तायुक्त कृषि आदान (बीज उर्वरक कीटनाशक) उपलब्ध कराने के लिए जिला स्तरीय उड़दस्ता दल द्वारा जिले के विभिन्न उर्वरक विक्रय केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया।

उप संचालक कृषि एल एम भगत ने बताया कि जिला स्तरीय उड़दस्ता दल द्वारा विकासखंड बम्हनीडीह के मेसर्स अग्रवाल कृषि केन्द्र बम्हनीडीह, मेसर्स आनंत ट्रेडर्स बम्हनीडीह, मेसर्स एग्रो सर्विस सेंटर चांपा, मेसर्स सिद्धी कृषि केन्द्र सिवनी, मेसर्स साहू खाद भण्डार सिवनी एवं मेसर्स राठौर खाद भण्डार सिवनी चांपा के उर्वरक विक्रय स्थलों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मेसर्स अग्रवाल कृषि केन्द्र बम्हनीडीह के विक्रय स्थल में भण्डारित उर्वरक प्राप्ति का स्त्रोत नही होने के कारण यूरिया 188 बोरी, एस.एस.पी.147 बोरी, डी.ए.पी. 52 बोरी, एन.पी.के. 102 बोरी जप्ती की कार्यवाही की गई। मेसर्स आनंत टेऊडर्स बिना स्त्रोत के उर्वरक प्राप्ति के चलते सिंगल सूपर फास्फेट 45 बोरी जप्ती की कार्यवाही करते हुए संबंधित को सुपुर्द किया गया। मेसर्स एग्रो सर्विस सेंटर चांपा में लाइसेंस में दर्शित नक्शा अन्यत्र स्थल का होने के कारण गोदाम को सील बंद की कार्यवाही की गई।

इसी प्रकार मेसर्स सिद्धी कृषि केन्द्र सिवनी, मेसर्स साहू खाद भण्डार सिवनी, मेसर्स राठौर खाद भण्डार सिवनी चांपा विभिन्न प्रकार के अनिमियतता के चलते कारण बताओ नोटिस एवं मेसर्स साहू कृषि केन्द्र में बिना स्त्रोत के यूरिया 130 बोरी रखने पर जप्ती करते हुए संबंधित को सुपुर्द किया गया। निरीक्षण के दौरान सहायक संचालक कृषि श्रीमती नीलम आजाद, सहायक मिट्टी परीक्षण अधिकारी श्री मनीष कुमार मरकाम, निरीक्षक शिव कुमार राठौर, निरीक्षक एन.के.दिनकर एवं रवि साहू उपस्थित रहे।

## दृष्टिबाधित विशेष विद्यालय में शाला प्रवेशोत्सव का हुआ आयोजन



**सक्ती।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो की उपस्थिति में आज दृष्टिबाधित विशेष विद्यालय सक्ती में शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलेक्टर तोपनो ने इस अवसर पर दृष्टिबाधित विशेष विद्यालय में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों को ब्रेल लिपि प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय के दृष्टिबाधित बच्चों द्वारा संगीतमय मधुर गीतों के साथ सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत की प्रस्तुति भी दी गई।

दृष्टिबाधित विशेष विद्यालय में आयोजित शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में स्वागत भाषण देते हुए संचालक श्रीमती बिंदेश्वरी आदिले ने विद्यालय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर सबोंधित करते हुए कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने दिव्यांग बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए उन्हे उनकी आवश्यकतानुसार बेहतर शिक्षा प्रदान करने की बात कही। इसी क्रम में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी वासु जैन ने दृष्टिबाधित विशेष विद्यालय के बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन करते हुए संरक्षक जसबीर चावला ने विद्यालय के स्थापना से आज तक के सफरनामा की इतिहास साझा किया। दृष्टिबाधित विशेष विद्यालय सक्ती में आयोजित शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में दृष्टिबाधित विद्यालय जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष एवं उच्च न्यायालय अधिवक्ता चितरंजय पटेल, प्राचार्य श्रीमती ज्योति महंत, श्रीमती नीतू टंडन, राष्ट्रीय सामाजिक न्याय आयोग के जिलाध्यक्ष महेंद्र बरेठ, महिला अध्यक्ष श्रीमती कांता यादव, योम लहरे, उदय मधुकर, राजा अमीर, हलधर साहु, अशासकीय विद्यालय प्रबंधक कल्याण संघ प्रदेश अध्यक्ष दुलीचंद साहू, कोषाध्यक्ष सरोज दास महंत के साथ सामाजिक एवं आध्यात्मिक संगठन के लोगों की गरिमामय उपस्थिति रही।

## नारायण चंदेल के प्रयास से 4 करोड़ 67 लाख से बनेगी नालंदा परिसर

**जांजगीर-चांपा।** छ.ग. विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष, एवं प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता नारायण चंदेल के सतत प्रयासों व अनुशंसा से



जांजगीर-चाम्पा जिला के जिला मुख्यालय जांजगीर में छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय निकाय विभाग द्वारा 4 करोड़ 67 लाख रूपये की लागत से नालंदा परिसर (लाईब्रेरी) का निर्माण किया जायेगा। इस स्वीकृति का विधिवत आदेश प्रदेश सरकार के नगरीय निकाय विभाग द्वारा प्राप्त हुआ है। यह पूरे जिले के लिये एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। विगत एक वर्ष से छ.ग. विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने अनेको बार प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव, वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी से मिलकर जांजगीर नगर में एक बड़ी पुस्तकालय (लाईब्रेरी) की आवश्यकता बताते हुये यहां शीघ्र ही पर्याप्त राशि स्वीकृत करने का आग्रह किया था। विगत दिनों अपने जांजगीर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इसे शीघ्र ही स्वीकृत करने का आश्वासन दिया था, अब इसे पूरा किये जाने का आदेश शासन द्वारा प्राप्त हो गया है। नगर, अंचल व जिले के साहित्यकारों, पत्रकारों, छात्र-छात्राओं, समाज के प्रबुद्धजनों, क्षेत्र व अंचल के जनप्रतिनिधियों एवं सभी वर्ग के लोगों ने जिला मुख्यालय जांजगीर में नालंदा परिसर का निर्माण किये जाने हेतु जो स्वीकृति प्राप्त हुई है उसका सभी लोगों ने स्वागत एवं अभिनंदन किया है। अनेक वर्षों से यहां पर सुसज्जित एवं सुव्यवस्थित लाईब्रेरी प्रारंभ किये जाने की मांग अंचल व जिले के नागरिक कर रहे थे। यह इस अंचल के प्रबुद्ध नागरिकों व छात्र-छात्राओं की बहुत पुरानी मांग थी, अब शीघ्र ही नालंदा परिसर का निर्माण कार्य प्रारंभ होगा।

### तलवार लेकर लोगों को डराने वाला युवक गिरफ्तार

**जांजगीर चांपा।** मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि थाना बलौदा पुलिस को सूचना मिला कि बुडगहन बस स्टैंड के पास एक व्यक्ति लोहे का धारदार तलवार लेकर आने जाने वाले एवं आसपास रहने वाले व्यक्तियो को डरा धमका रहा हैं कि सूचना पर बताये स्थान पर जाकर घेराबंदी किया जहां एक व्यक्ति मिला जो अपने हाथ में लोहे का धारदार तलवार रखा था जिसका नाम पता पुछने पर बलवंत भार्गव निवासी सिंघरीपारा बुडगहन थाना बलौदा बताया जिसको पकड कर उसके कब्जे से एक लोहे का धारदार तलवार मिला जिसे जप्त कब्जा पुलिस लिया और थाना लाकर आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 286/25 धारा 25,27 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध कर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

## पुलिस ने गुंडों को घुमाई चांपा शहर में



**चांपा।** शहर में लगातार अशांति फैलाने और लोगों में दहशत का माहौल बनाने वाले दो सगे भाई बदमाशों गोपाल पाल उर्फ बड़ा बंगाली और शुभम पाल उर्फ छोटा बंगाली की आज चांपा पुलिस ने सरेआम क्लास ले डाली। दोनों आदतन अपराधियों को पकड़कर पुलिस ने नगर के मुख्य मार्गों पर जुलूस की शक्ल में घुमाया और यहीं नहीं, अपराध करना पाप है, पुलिस हमारा बाप है जैसे नारों के साथ उनके गुनाहों की बारात भी निकाली। नगर निरीक्षक जय प्रकाश गुप्ता ने बताया कि दोनों पर कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। मोहल्ले से लेकर पूरे नगर तक इन्होंने लोगों का जीना दूभर कर रखा था। अब पुलिस की चेतावनी साफ है गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद आम जनता में भारी उत्साह देखा गया। चौराहों से लेकर चाय की दुकानों तक हर जगह पुलिस की इस कार्रवाई की खुलकर सराहना हो रही है। लोग कह रहे हैं ऐसे जुलूस रोज निकले तो अपराधी अपने आप सीधा हो जाएंगे। वहीं एसपी विजय पांडेय ने दो टूक शब्दों में कहा है कि अशांति फैलाने वालों पर शिकंजा कसेगा। ऐसे बदमाश अब नहीं बचेंगे। नगर में अमन-चैन कायम रखना पुलिस की पहली प्राथमिकता है।

**इसलिए की गई कार्रवाई**

17 जुलाई की शाम करीब 7 बजे आरोपी गोपाल पाल द्वारा प्रार्थी राधेश्याम देवांगन से शराब पीने के लिए पैसा मांगा। राधेश्याम पैसा देने से मना किया। तब उसे गाली गलौज करने लगा। उसके बाद प्रार्थी वहां से डरकर चुपचाप अपने घर चला गया। पुनः 18 जुलाई की शाम 7 बजे प्रार्थी अपने घर पर था। उसी समय दोनों बदमाश गोपाल पाल एवं सुभम पीछे दरवाजा को लात मारकर घर अंदर घुस गए और सुभम पाल बोला कल मेरा भैया शराब पीने के लिए पैसा मांग रहा था तुम नहीं दिए थे तुम ज हम दोनों को शराब पीने के लिए पैसा दो। प्रार्थी पैसा देने के लिए मना किया तो आरोपी गोपाल पाल अपने हाथ में रखे लकड़ी के पटरा से राधेश्याम के ऊपर हमला कर दिया। %बीच बचाव करने वालों को भी आरोपियों द्वारा गाली गलौच करते हुए मारपीट कर वहां से भाग गए। मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेज दिया है।

## जेल में बंद सचिव का एक और कारनामा आया सामने

**अकलतरा।** कूट रचना कर 25 लिख रुपए का गबन करने के मामले में जेल में बंद ग्राम पंचायत रसेड़ा के पूर्व पंचायत सचिव मोहम्मद इलाही कुरैशी पर चार लाख तिहत्तर हजार रुपए गबन करने का नया मामला प्रकाश में आया है। इस मामले को लेकर ग्राम पंचायत रसड़ा के सरपंच श्रीमती जानकीबाई, उपसरपंच गणेश राम, पंच लोकनारायण निर्मलकर व अन्य लोगों के द्वारा जनपद पंचायत के



मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु गुप्ता को ज्ञापन सौंप कर इलाही मोहम्मद कुरैशी के ऊपर एफआईआर दर्ज कराए जाने की मांग की गई है। मोहम्मद इलाही कुरैशी पहले कोटमीसोनार में 25 लाख रुपये की शासकीय राशि के गबन और धार्मिक भावना भड़काने के आरोप में जेल पहुंचा। सचिव अब ग्राम पंचायत रसेड़ा में भी 3.73 लाख रुपये के गबन के आरोपों में घिर गया है। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों का आक्रोश अब उबाल पर है।

जनपद पंचायत अकलतरा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा गठित जांच समिति ने ग्राम पंचायत रसेड़ा में 15 वें वित्त आयोग वर्ष 2024-25 के तहत खर्च की गई राशि की जांच की। जांच रिपोर्ट के अनुसार, तत्कालीन सचिव ईलाही कुरैशी द्वारा 3.73 लाख रुपए की राशि खर्च का कोई वैध दस्तावेज या सबूत पेश नहीं किया गया।

## खरौद नगर में डायरिया की चपेट में 50 लोग

**जांजगीर-चांपा।** नगर पंचायत खरौद में डेंजरस डायरिया की धमक हो गई है। तिवारी पारा में दो दर्जन से अधिक लोग इसकी चपेट में आ चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग ने कैम्प लगाया है और डोर टू डोर सर्वे किया जा रहा है। वहीं बोर के पानी का सेम्पल भी लिया गया है।

बरसात के मौसम में जल जनित बीमारी पैर पसारने लगी है। एक के बाद एक कई गांव डायरिया की चपेट में आ रहे हैं। जांजगीर चाम्पा जिले में अकलतरी और कुथुर के बाद अब पामगढ ब्लॉक के नगर पंचायत खरीद में डायरिया की धमक हो गई है। खरौद नगर के तिवारी पारा में दो दिन पहले डायरिया की दस्तक हुई। डायरिया फैलने की सूचना पर 18 जुलाई को स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियो ने खरौद नगर पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया। बीएमओ ने अपनी टीम के साथ प्रभावित मरीजों के घर जाकर जानकारी ली। इसके बाद खरौद में ही स्वास्थ्य विभाग का शिविर लगा दिया गया है।

स्वास्थ्य अमला डोर टू डोर सर्वे कर रहा है। सामान्य मरीजों को दवा देकर मौके पर ही उपचार किया जा रहा है। वहीं गंभीर मरीजों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खरौद में भर्ती कराया जा रहा है। खरौद में दो दिन में ही डायरिया के दो दर्जन मरीज सामने आ चुके हैं। सीएचसी में 15 मरीजों को भर्ती किया जा चुका है। बताया जा रहा हैं कि कुछ दिन पहले तिवारी पारा के नल से गंदा पानी आया था। डायरिया फैलने के बाद पीएचई ने पानी का सेम्पल लिया है। लोगों की माने तो नल में गंदा पानी आया था। कुछ लोगों ने पानी उबालकर पीया था। वहीं अन्य लोगों ने इस पानी का सेवन कर लिया था। इसी गंदे पानी के सेवन से डायरिया फैलने की आशंका जताई जा रही है।

**अकलतरी में कहर बरपा चुकी है जानलेवा बीमारी**

जिले में अकलतरा विकास के वाम अकलवरी से माहमर पहले डायरिया में करतक दी थी। जानलेवा बीमारी से अकलवरी के 4 ग्रामीणों की जान चली गाई। सप्ताहमर तक गांव में डायरिया का प्रकोप रहा। अव में 9 जून को डायरिया की दसक हुई थी। इसके बाद पार्जन ग्रामीण इसकी चपेट में आए। आंव में शिविर लगाने के साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकलतरा में भी मरीओं को मी कर उपचार किया। इसके आलावा अकलतरा और बिलासपुर के निजी चिकित्सालयों में भी कई मरीज पहुंचे। सप्ताहमर बाद गांव में डायरीया का प्रकोप समा। इसी तरह बालक के वाम कुन्युर में भी कुछ दिन पहले डायरिया की धमक हुई थी। ताल में दर्जन भर कामीण डायरिया को चपेट में आए थे। जिनमें से आधा दर्जन को जिला अस्पताल में मती कराना पड़ा था।

**स्थिति नियंत्रित में**

खरौद के तिवारीपारा से दो दर्जन लोग डायरिया के चपेट में आए है। वे दिन के अंदर 15 मरीजों को सीएचसी खरौद में नीं कराया गया। डोर टू डोर सर्वे किया गया। साथ ही पानी का सेंपल लिया गया है। स्थिति अब नियंत्रण में है।

सौरभ यादव, बीएमओ, पामगढ़

## पुलिस ने घेराबंदी कर दो आरोपियों से जब्त किया 11 किलो गांजा

**सक्ती।** पुलिस ने घेराबंदी करते हुए दो आरोपियों के कब्जे से 11 किलो - गांजा बरामद किया है। आरोपियों के खिलाफ धारा 20 बी एनडीपीएस - एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। 1 मामला सक्ती शहर का है।



इस संबंध में पुलिस से मिली ने जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा द्वारा अवैध जुआ व सट्टा तथा नशे के कारोबारियों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई के र निर्देश दिए गए थे। इस दौरान - मुखबिर तैनात कर सूचना संकलन किया जा रहा था। इसी दौरान 18 जुलाई को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि 1 स्कुटी वाहन में दो व्यक्ति गांजा लेकर रायगढ तरफ से सक्त की ओर आ रहा है। सूचना पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मसनिया चैक नेशनल हाईवे रोड पंहुचकर घेराबंदी किया गया। घेराबंदी के दौरान एक बिना नंबर का टीव्हीएस जुपिटर स्कुटी में बैठे दो व्यक्ति रायगढ तरफ से आते दिखाई दिये। उक्त वाहन पर जिसमे दो ब्यक्ति सवार थे, जिनसे नाम व पता पूछने पर अपना नाम गुलाब देंवांगन पिता

लक्ष्मीनारायण उर्फ छोटू देवांगन उम्र 19 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 2 कसेरपारा सक्ती एवं उत्तम श्रीवास पिता टेनूराम श्रीवास उम्र 35 वर्ष निवासी मुकडेगा टांगर पारा थाना लैलुगा जिला रायगढ का निवासी होना बताया। तलाशी लेने पर कुल 9 पैकेट तथा 2 पन्नी में गांजा को बरामद किया गया। गांजा का तौल करने पर कुल 11 किलो गांजा कीमती 1 लाख 10 हजार का होना पाया गया। आरोपीगण का कृत्य धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट का अपराध घटित करना पाये जाने से कुल 11 किलो गांजा जब्त किया गया। साथ ही दो मोबाइल कीमती 20 हजार जुमला कीमती 2 लाख 30 हजार को जप्त कर कब्जा पुलिस मे लिया गया। आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।


**कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)**

मुख्य कार्यालय-साकेत भवन, आई.टी.आई. चौक, कोरबा (छ.ग.)

कोसाबाड़ी जोन

फा.क्र./287/निर्माण (कोसाबाड़ी जोन)/2025/ कोरबा, दिनांक 14/07/2025

**निविदा आमंत्रण की सूचना**

लोक निर्माण विभाग से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु मैन्युअल निविदा वेबसाईट से डाउनलोड कर मुहरबंद लिफाफा में निविदा आमंत्रित की जाती है :-

1. निर्धारित प्रारूप में निविदा प्रपत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि - 04.08.2025 सायंकाल 3.00 बजे तक
2. निविदा खुलने की अंतिम तिथि - 04.08.2025 सायंकाल 4.30 बजे

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि रू. में |
|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र.24अंतर्गत बुधवारी 02 गितेश महाराज गली एवं अतुल दास गली में सी.सी.रोड एवं नाली निर्माण एवं अन्य स्थानों पर मरम्मत कार्य। (जिला खनिज संस्थान न्या मद)(प्रथम निविदा) | 9,00,000/- | 6,800/- |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट Website:www.korbamunicipal.in एवं www.uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

//स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें//

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) डभरा, जिला- सक्ती (छ.ग.)**

Email Id: sdmdabhara.steno@gmail.com

**// ईश्तहार//**

ग्राम- मिरौनी, प.ह.नं.-07
तहसील डभरा, जिला-सक्ती (छ.ग.)

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि ग्राम- मिरौनी, प.ह.नं.-07 तहसील डभरा, जिला-सक्ती (छ.ग.)की नीचे अनुसूचित में उल्लेखित भूमि स्वामी आवेदक श्री बुद्धेश्वर कुमार पटेल पिता सोनेन्द्र कुमार पटेल जाति अघरिया निवासी लटेसरा तहसील डभरा जिला सक्ती (छ.ग.) के द्वारा ग्राम- मिरौनी, प.ह.नं.-07 तहसील डभरा में उनके नाम पर स्थित भूमि खसरा नंबर 326, 327 में से रकबा 0.30 एकड़ भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त भूमि का व्यवसायिक प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने पर, जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति लिखित रूप से ईश्तहार के प्रकाशन दिनांक 04.08.2025 के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में स्वतः या किसी अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से आज दिनांक 16.07.2025 को जारी किया गया।

सील

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
डभरा, जिला- सक्ती (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार चंद्रपुर, जिला-सक्ती (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

क्रमांक/646/तह./वा./2025 चंद्रपुर,दिनांक16/07/2025

रा.प्र.क्र./ब-121/2024-25
ग्राम- मिरौनी, प.ह.नं.-07

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड प्रथम तल, बाजपेई पविलियन व्यापार बिहार रोड, बिलासपुर छ.ग. के पत्र क्र.एन.के. सी./एस.एस.सी.एस.एस.बी.पी.आर.ओ. 2023AD/308 दिनांक 24/06/2025 में चयनित उम्मीद्वार बुद्धेश्वर कुमार पटेल पिता सोनेन्द्र कुमार पटेल साकिन ग्राम लटेसरा तहसील डभरा जिला सक्ती छ.ग. द्वारा ग्राम मिरौनी के भूमि खसरा नंबर 326, 327 में न्यू रिटेल आउट लाईन की स्थापना हेतु अनापत्ति प्रमाण-पत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत किये जाने पर जांच प्रतिवेदन की कार्यवाही हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति हो तो दिनांक 31/07/2025 के पूर्व स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 16/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सील

तहसीलदार
चंद्रपुर, जिला-सक्ती (छ.ग.)

## अनमोल वचन......

कमाई कम या ज्यादा हो सकती है, लेकिन हर घर मेंरोटी का साइज एक ही है..!!

## बिहार में डोमिसाइल नीति लागू

विधानसभा चुनाव से ऐन पहले महिला मतदाताओं को लुभाने के लिए बिहार सरकार ने सरकारी नौकरियों में 35 प्रतिशत आरक्षण की बात की है। अब तक सभी महिलाओं को मिलने वाले इस आरक्षण पर नीतीश कैबिनेट ने डोमिसाइल नीति लागू की है। यह स्थानीय प्रमाणपत्र होता है। राज्य सरकारें इनके आधार पर स्थानीय युवाओं को सरकारी नौकरियों, शैक्षणिक संस्थानों और स्थानीय योजनाओं में प्राथमिकता देती हैं। इसके बाद अन्य राज्यों की महिलाएं भी सामान्य कोटे में आवेदन कर सकेंगी। यह व्यवस्था पहले ही हरियाणा, मप्र, हिप्र, राजस्थान और उत्तराखंड में लागू है। बिहार के युवा अन्य राज्यों की नीति के चलते नुकसान झेलने की बात करते रहे हैं।

बैठक में कुल 43 एजेंडों पर मुहर लगी जिनमें युवा आयोग और दिव्यांगजन सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना भी है। दिव्यांगों को प्रोत्साहित करने तथा पुरुष दिव्यांग अभ्यर्थियों को पिछड़ा, सामान्य और आर्थिक तौर पर कमजोर युवाओं के लिए यह योजना है।बिहार में 60 प्रतिशत जातीय-आर्थिक आरक्षण पहले से ही लागू है। 35 प्रतिशत मूल बिहारी महिलाओं के इस आरक्षण के बाद यह बढ़ कर 74 प्रतिशत पर पहुंच जाएगा जिसका सीधा असर अनारक्षित वर्ग पर पड़ेगा जिसके लिए बस 14 प्रतिशत सीटें ही बचेंगी। वर्तमान में राज्य में 18 प्रतिशत अतिपिछड़ा, 12 प्रतिशत अन्य पिछड़ा, 16 प्रतिशत एससी, एक प्रतिशत एसटी और ओबीसी महिलाओं का 3त्न आरक्षण लागू है।

इसमें आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग का 10 प्रतिशत भी है। शीर्ष अदालत द्वारा आरक्षण की सीमा पर लगाम लगाने की नसीहतों को चुनौती देते हुए राज्य सरकारें चुनावी लाभ के लोभ में इस तरह की कवायद करती रहती हैं। समर्थकों और मतदाओं को लुभाने के आधार पर आरक्षण के जाल फेंकती हैं। विपक्ष का भी आरोप है कि मतदाताओं के रुझान का आभास होते ही नीतीश सरकार द्वारा यह दांव चला गया है।हालांकि देखने में आता है कि महिलाओं की लाभकारी योजनाओं का ऐलान करके पूर्ववर्ती सरकारों ने खासा चुनावी लाभ लिया था। मगर यह उन शिक्षित और जरूरतमंद महिलाओं के भविष्य के लिए बेहतर साबित हो सकता है, जो विभिन्न कारणों से नौकरी के लिए परिवार से दूर नहीं जा सकतीं। दिव्यांगों को सिविल सेवा के लिए तैयार करने की यह योजना यदि सार्थक रहती है, तो इसे देश के स्तर पर लागू करने के प्रयास भी होने चाहिए।

## राशिफल

मेष राशिः आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आप पार्टनरशिप में किसी बिजनेस की शुरुआत को लेकर बात कर सकते हैं, जो आपके लिए फायेदेमंद साबित होगा। आर्ट्स के स्टूडेंट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है, मन में आज नए विचार आएंगे।

वृष राशिः आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है। बिजनेस के सिलसिले में आपकी आज विदेश यात्रा भी हो सकती है। सरकारी ऑफिस में काम करने वालों को जल्द ही पदोन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। आज मेहमानों के आगमन से आपके घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। परिवार वालों के साथ कहीं बाहर जाने का प्लान बन सकता है।

मिथुन राशिः आज का दिन ठीक-ठाक बना रहेगा। आज आपको रोजगार के लिए बढ़िया अवसर प्राप्त होंगे। आज आप अपने किसी करीबी दोस्त के साथ बाहर जा सकते हैं, जहां आपका मन लगेगा। आज आप करियर से रिलेटेड कोई बात अनुभवी व्यक्ति से कर सकते हैं, जो आपको अच्छी सलाह देंगे।

कर्क राशिः आज का दिन आप परिवार वालों के साथ बिताएंगे। प्राइवेट ऑफिस में कार्यरत व्यक्तियों को आज उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे और आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आपके बच्चों से आपको गुड न्यूज़ मिल सकती है, जिससे आपको गर्व महसूस होगा। आज आप दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने जा सकते हैं, जिससे आप खुद को तरोताजा फील करेंगे।

सिंह राशिः आज का दिन बेहद खास रहने वाला है। आज आप अटके हुए काम को पूरा करने में दोस्त की मदद ले सकते हैं। दुकानदारों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा, आज अच्छी कमाई होने का योग बन रहा है। कला के क्षेत्र में रुचि रखने वालों को आज अच्छे ऑफर मिल सकते है।

कन्या राशिः आज का दिन अच्छा रहेगा। आज आपको बिजनेस में बड़ी डील मिलने के योग बन रहें है, जिससे आपको धनलाभ हो सकता है। आज आपको ससुराल पक्ष से शुभ समाचार मिलने के संकेत बन रहे हैं। आज पारिवारिक रिश्तों के बीच सामंजस्य बनाने में आप सफल रहेंगे। आज मनोरंजन में पैसे खर्च हो सकते हैं, लेकिन आपको आनन्द की प्राप्ति होगी। शाम को बच्चों के साथ कहीं घूमने जायेंगे, उनको खुशी मिलेगी।

तुला राशिः आज आपकी रुचि नए कार्यों में बढ़ेगी जिससे आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। आज बिजनेस में बढ़िया धन लाभ होगा, लेकिन आप अपने अनावश्यक खर्चो से बचने का प्रयास करें। आज आर्थिक पक्ष पहले से अधिक मजबूत रहेगा, घर में सुख-सुविधा की बढ़ोतरी होगी।

वृश्चिक राशिः आज का दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आज अगर बड़े-बुजुर्ग का आशीर्वाद लेकर किसी काम की शुरुआत करेंगे, तो आपको फायदा होना तय है। आज स्वास्थ्य के प्रति आप थोड़ी सावधानी रखें, इसलिए बेहतर होगा कि आप बाहर के खाने को न खाएं।

धनु राशिः आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। आज आपको अधिकतर कार्यों में सफलता हासिल होगी। आज घर का खुशनुमा माहौल आपको खुशी प्रदान करेगा, बच्चे भी मन लगाकर पढ़ाई करेंगे। आज आपके सकारात्मक विचारों से खुश होकर बॉस आपको उपहार स्वरूप उपयोगी वस्तु गिफ्ट कर सकते हैं।

मकर राशिः आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहेगा। आज आप बिजनेस को बड़ा बनाने के लिए, किसी एक्सपर्ट की राय ले सकते हैं। आज आप किसी काम को करने से पहले उसकी योजना जरूर बना लें, जिससे उसे पूरा करने में आसानी रहेगी।

कुम्भ राशिः आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आपको बिजनेस में अचानक बड़ा धन लाभ होगा और भौतिक-सुख की प्राप्ति होने से मन प्रसन्न रहेगा। इस राशि के विद्यार्थियों के लिए भी आज का दिन अच्छा है, पढ़ाई में मन लगेगा। आज आपके दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी, जिससे पूरा परिवार खुश होगा। सामाजिक कार्यों में कार्यरत व्यक्ति आज अपनी जिम्मेदारी बहुत अच्छे से निभाएंगे।

मीन राशिः आज का दिन बेहतरीन रहेगा। आज आप बिजनेस को नयी ऊंचाई तक पहुंचाने के लिए अथक प्रयास करेंगे। इस राशि के विवाहित जातकों के लिए आज का दिन अच्छा है, जीवनसाथी के साथ कहीं बाहर डिनर पर जा सकते हैं। आज आपकी मुलाकात किसी पुराने मित्र से हो सकती है, जिससे आप दोनों को खुशी होगी। आज आपको व्यापार में अचानक से धनलाभ का अवसर प्राप्त हो सकता है।

# स्वच्छता एवं नशामुक्ति के क्षेत्र में अतुलनीय कार्य करते सामाजिक संगठन

//प्रह्लाद सबनानी //

**बीते कुछ वर्षों में कंकरीट की इमारतों में अत्यधिक वृद्धि एवं भूमि प्रयोग में बदलाव के चलते भारत में भी तापमान लगातार बढ़ रहा है। देश के महानगर अर्बन हीट आइलैंड बन रहे हैं। अर्बन हीट आइलैंड वह क्षेत्र होता है जहां अगल-बगल के इलाकों से अधिक तापमान रहता है। इस धरा पर जन्म लेने वाले प्रत्येक जीव के लिए प्रकृति ने पर्याप्त खाद्य पदार्थ दिए हैं परंतु अति लालच के चलते मानव ने प्रकृति का शोषण करना शुरू कर दिया है। इसमें कोई अब कोई संदेह नहीं रह गया है कि मानव ने अपनी जिंदगी को आसान बनाने के लिए पर्यावरण का अत्यधिक नुकसान किया है और इसका परिणाम आज उसे ही भुगतना भी पड़ रहा है।**



कई देशों में तो भयंकर गर्मी में वहां के जंगलों में आग लगने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं जिनसे जान और माल की भारी हानि हो रही है। हम पर्यावरण के सम्बंध में बढ़ चढ़ कर चर्चाएं तो करते हैं परंतु आज हमारे गावों में खेत, प्लाटों में परिवर्तित हो गए हैं। हमारे खेतों पर शोपिंग काम्प्लेक्स एवं मॉल खड़े हो गए हैं जिससे हरियाली लगातार कम होती जा रही है। बीते कुछ वर्षों में कंकरीट की इमारतों में अत्यधिक वृद्धि एवं भूमि प्रयोग में बदलाव के चलते भारत में भी तापमान लगातार बढ़ रहा है। देश के महानगर अर्बन हीट आइलैंड बन रहे हैं। अर्बन हीट आइलैंड वह क्षेत्र होता है जहां अगल-बगल के इलाकों से अधिक तापमान रहता है। कई स्थानों पर अत्यधिक गर्मी के पीछे अपर्याप्त हरियाली, अधिक आबादी, घने बसे घर और इंसानी गतिविधियां जैसे गाडियों और गैजेट से निकलने वाली हीट आदि कारण जिम्मेदार हो सकते हैं। कार्बन डाईआक्साइड और मेथेन जैसी ग्रीन हाउस गैसों एवं कूड़ा जलाने से भी गर्मी बढ़ती है। राजधानी दिल्ली का उदाहरण हमारे सामने है। जहां चारों दिशाओं में बने डंपिंग यार्डों में आग लगी ही रहती है और लोगों का सांस लेना भी अब दूभर हो रहा है।

भारत ने वर्ष 2070 तक नेट जीरो यानी कार्बन उत्सर्जन रहित अर्थव्यवस्था का लक्ष्य तय किया हुआ है। यद्यपि पर्यावरण रक्षा में भारत के प्रयास बहुआयामी रहे हैं लेकिन यह प्रयास तब तक सफल नहीं हो सकते जब तक देशवासी प्राकृतिक संसाधनों का अनावश्यक अत्यधिक शोषण करना बंद नहीं करते। शहरों के बढ़ते तापमान की रोकथाम हेतु जरूरी है कि मौसम और वायु प्रवाह का ठीक तरह से नियोजन किया जाए। हरियाली का विस्तार, जल स्रोतों की सुरक्षा, वर्षा जल संचय, वाहनों एवं एयर कंडीशंस की संख्या की कमी से ही हम प्रचंड गर्मी को कम कर सकते हैं। पृथ्वी का तापमान घटेगा तभी मानव सुरक्षित रह पाएगा।

उक्त संदर्भ में यह हम सभी भारतीयों के लिए हर्ष का विषय होना चाहिए कि हमारे देश में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जैसे संगठन मौजूद हैं जो सदैव ही सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक एवं सेवा कार्य करने वाले संगठनों को साथ लेकर, देश पर आने वाली किसी भी विपत्ति में आगे आकर, सेवा कार्य करना प्रारम्भ कर देते हैं। भारत के पर्यावरण में सुधार लाने की दृष्टि से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने तो बाकायदा एक नई पर्यावरण गतिविधि को ही प्रारम्भ कर दिया है। जिसके अंतर्गत समाज में विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले संगठनों को साथ लेकर संघ द्वारा देश में प्लास्टिक का उपयोग बिल्कुल नहीं करने का अभियान प्रारम्भ किया गया है और देश में अधिक से अधिक पेड़ लगाने की मुहिम प्रारम्भ की गई है। साथ ही, विभिन्न शहरों को स्वच्छ एवं नशामुक्त बनाने हेतु भी विशेष अभियान प्रारम्भ किए हैं। उदाहरण के तौर पर ग्वालियर को स्वच्छ, नशामुक्त एवं प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने का बीड़ा उठाया गया है। इसी संदर्भ में ग्वालियर महानगर में विविध संगठनों के दायित्ववान कार्यकर्ताओं का दो दिवसीय शिविर आयोजित किया गया था। इस शिविर के एक विशेष सत्र में इस बात पर विचार किया गया कि ग्वालियर महानगर को स्वच्छ एवं नशामुक्त बनाया जाना चाहिए। उक्त शिविर के समापन के पश्चात उक्त समस्याओं के हल हेतु विविध संगठनों के दायित्ववान कार्यकर्ताओं की तीन बैठकें आयोजित की गईं। इन बैठकों में विस्तार से विचार करने के उपरांत यह निर्णय लिया गया कि कुछ चिन्हित कार्यकर्ताओं को विभिन्न मठ, मंदिरों, स्कूलों, संस्थानों आदि में विषय प्रस्तुत करने हेतु भेजा जाए ताकि उक्त समस्याओं के हल में समाज की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। इस संदर्भ में चुने गए 60 कार्यकर्ताओं के लिए एक वक्ता कार्यशाला का आयोजन भी किया गया। इन चिन्हित कार्यकर्ताओं को विभिन संस्थानों में विषय प्रस्तुत करने हेतु भेजा गया था ताकि उक्त समस्याओं के हल करने हेतु समाज को भी साथ में लेकर कार्य को सम्पन्न किया जा सके। साथ ही, ग्वालियर को प्रदूषण मुक्त सुंदर नगर बनाए जाने के अभियान को स्थानीय जनता के बीच ले जाने हेतु, माननीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म दिवस के शुभ अवसर पर दिनांक 25 दिसम्बर 2024 को, ग्वालियर के चुने हुए 29 चौराहों पर मानव श्रृंखलाएं बनाई गई थी, लगभग 8,000 नागरिकों ने इस मानव श्रृंखला में भागीदारी की थी। इसी प्रकार, ग्वालियर को व्यसन मुक्त नगर बनाए जाने के अभियान को स्थानीय जनता के बीच ले जाने हेतु, स्वामी विवेकानंद जी के जन्म दिवस एवं अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के शुभ अवसर पर, दिनांक 12 जनवरी 2025 को एक विशाल मेराथन दौड़ का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम के आयोजन में स्थानीय प्रशासन का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ एवं लगभग 6,000 नागरिकों ने इस मेराथन दौड़ में भाग लिया था।

संघ के ग्वालियर विभाग द्वारा ग्वालियर महानगर में अधिक से अधिक पेड़ लगाए जाने की मुहिम प्रारम्भ की गई। जिसके अंतर्गत ग्वालियर के कई विद्यालयों में वहां के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को साथ लेकर स्वयंसेवकों द्वारा नगर में भारी मात्रा में पौधारोपण किया गया। ग्वालियर की पहाड़ियों पर भी इस मानसून के मौसम के दौरान हजारों की संख्या में नए पौधे रोपे गए हैं। गजराराजा स्कूल, केआरजी महाविद्यालय एवं गुप्तेश्वर मंदिर की पहाड़ियों को तो पूर्णतः हरा भरा बना दिया गया है।

नगर के प्रबुद्ध नागरिकों द्वारा नगर के विद्यालयों, महाविद्यालयों, सामाजिक संगठनों, व्यावसायिक संगठनों, धार्मिक संगठनों, एवं नगर के विभिन्न चौराहों पर नागरिकों को शपथ दिलाई जा रही है कि मैं ग्वालियर नगर को प्लास्टिक मुक्त बनाने हेतु, आज से प्लास्टिक का उपयोग बिल्कुल नहीं करूंगा। अभी तक एक लाख से अधिक नागरिकों को यह शपथ दिलाई जा चुकी है। कई स्कूल, कई मंदिर एवं कई महाविद्यालय (लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शिक्षण संस्थान - एलएनआईपीई सहित) पोलिथिन मुक्त हो चुके हैं। इसी प्रकार, ट्रिपल आईटीएम प्रबंधन के प्रयास से संस्थान के आसपास दुकानदारों द्वारा मादक पदार्थों के बिक्री करना बंद कर दिया गया है। साथ ही, ग्वालियर महानगर में एक लाख से अधिक नागरिक, नशा नहीं करने का संकल्प ले चुके हैं। विभिन्न मठ, मंदिरों एवं गुरुद्वारों में भंडारों का आयोजन किया जाता है। इन भंडारों में अब प्रसादी को दोनों, पत्तलों में परोसा जाने लगा है एवं प्लास्टिक का उपयोग लगभग बंद कर दिया गया है। साथ ही, इन मंदिरों के आसपास प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा डस्टबिन रखवाये गए हैं, ताकि कचरे को यहां वहां न फैला कर इन डस्टबीन में डाला जा सके। इससे, मठ, मंदिरों एवं गुरुद्वारों के आसपास के इलाके स्वच्छ रहने लगे हैं। ग्वालियर महानगर के जनप्रतिनिधि विभिन्न मैरिज गार्डन में जाकर इनके मालिकों से लगातार चर्चा कर रहे हैं कि इन मैरिज गार्डन में अमानक पॉलीथिन का उपयोग बिलकुल नहीं होना चाहिए।

इसका असर यह हुआ है कि अब मैरिज गार्डन में होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में प्लास्टिक का उपयोग धीरे धीरे कम होता हुआ दिखाई दे रहा है। नागरिकों को कपड़े से बने थैले भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं, ताकि बाजारों से सामान खरीदते समय इन कपड़े के थैलों का इस्तेमाल किया जा सके और प्लास्टिक के उपयोग को तिलांजलि दी जा सके। प्लास्टिक के उपयोग को खत्म करने के उद्देश्य से गणेशोत्सव के पावन पर्व पर नगर में विभिन्न गणेश पांडालों में बच्चों द्वारा नाटक भी खेले गए। साथ ही, संघ ने अपने स्वयंसेवकों को आग्रह किया है कि संघ द्वारा आयोजित किए जाने वाले किसी भी कार्यक्रम में प्लास्टिक का इस्तेमाल बिल्कुल नहीं किया जाना चाहिए। और, अब संघ के कार्यक्रमों में इस बात का ध्यान रखा जाने लगा है कि प्लास्टिक का उपयोग बिल्कुल नहीं किया जाय। ग्वालियर के नागरिकों, विविध संगठनों, सामाजिक संस्थानों एवं प्रशासन द्वारा लगातार किए गए प्रयासों के चलते ग्वालियर महानगर को स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत राज्य स्तरीय मिनिस्ट्रीयल अवार्ड के लिए चुना गया है। यह पुरस्कार 17 जुलाई 2025 को दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा प्रदान किया जाएगा। इसी प्रकार, सिविल अस्पताल, हजीरा, जिला ग्वालियर को स्थानीय नागरिकों को उच्च स्तर की गुणवत्ता पूर्ण संक्रमण रहित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मध्य प्रदेश से प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है। जब पूरे देश में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जैसे संगठन आगे आकर समाज के अन्य संगठनों को साथ लेकर देश के पर्यावरण में सुधार लाने हेतु कार्य प्रारम्भ करेंगे तो भारत के पर्यावरण में निश्चित ही सुधार दृष्टिगोचर होने लगेगा।

# आतंकी गतिविधियों में डिजिटल तकनीकी का उपयोग चिंतजनक

//ललित गर्ग//

**टेरर फंडिंग पर नजर रखने वाली वैश्विक संस्था वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) की नई रिपोर्ट में आतंकी गतिविधियों में डिजिटल तकनीकों के बढ़ते उपयोग पर चिंता जताई गई है। रिपोर्ट ने वैश्विक सुरक्षा के समक्ष एक नई और गहन चुनौती की ओर संकेत करते हुए आतंकी गतिविधियों में डिजिटल तकनीकों के बढ़ते प्रयोग को घोर चिंतजनक बताया है।**

रिपोर्ट में ई-कॉमर्स, ऑनलाइन भुगतान, सोशल मीडिया, क्रिप्टोकरेंसी और डार्कनेट जैसे प्लेटफार्मो के माध्यम से आतंकी गतिविधियों के वित्त पोषण और संचालन के बढ़ते खतरे पर न केवल प्रकाश डाला गया है, बल्कि गंभीर चिंता भी जताई गई है। रिपोर्ट ने आतंकवाद के एक अलग ही पहलू की ओर ध्यान खींचा है। इसमें बताया गया है कि टेक्नॉलजी तक आतंकी संगठनों की आसान पहुंच उन्हें और खतरनाक बना रही है। इससे निपटने के लिए वैश्विक स्तर पर नई रणनीति की जरूरत है। विशेष रूप से पाकिस्तान जैसे देशों में पोषित आतंकी संगठन इन तकनीकों का उपयोग कर न केवल फंडिंग जुटा रहे हैं, बल्कि गोपनीयता और पहुंच के नये मार्ग भी तलाश रहे हैं। अब आतंकी संगठन विकेंद्रीकृत मॉडल की ओर भी बढ़ रहे हैं, जैसेकि अल-कायदा क्षेत्रीय इकाइयों के माध्यम से स्थानीय स्तर पर धन जुटाना, संचालन करना। भारत ने समय-समय पर पाकिस्तान पोषित आतंकवाद को बेनकाब करते हुए दुनिया से मिल रहे आर्थिक सहयोग पर चिंता जताई और कठोर कार्रवाई की मांग की, इस रिपोर्ट को भारत के रुख का समर्थन करने वाला महत्त्वपूर्ण कदम माना जा सकता है। एफएटीएफ के मुताबिक, 2019 में पुलवामा और 2022 में गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में आतंकी हमलों के लिए ऑनलाइन प्लैटफॉर्म का इस्तेमाल किया गया। पुलवामा में आतंकियों ने आईईडी का इस्तेमाल किया था और इसे बनाने के लिए एल्युमिनियम पाउडर एमेजन से खरीदा गया था। गोरखपुर में हमले में पैसों के लेन देन में ऑनलाइन जरिया अपनाया गया। गोरखपुर वाले केस में आतंकी विचारधारा से प्रभावित शख्स ने इंटरनैशनल थर्ड पार्टी ट्रांजैक्शन और वीपीएन सर्विस का उपयोग किया था। इस तरह से उसने आईएसआईएल के समर्थन में विदेश में धन भेजा था और उसे भी बाहर से आर्थिक मदद मिली थी। वीपीएन डिजिटल तकनीक है जो इंटरनेट उपयोगकर्ता की लोकेशन और पहचान छुपाती है। 2024 तक दुनिया में 150 करोड़ से अधिक वीपीएन यूजर्स थे। इनमें से बड़ी संख्या एशिया और मध्य पूर्व से है, जहां सेंसरशिप या निगरानी से बचने के लिए इसका उपयोग किया जाता है। भारत में 12 से 14 करोड़ वीपीएन उपयोगकर्ता हैं। भारत वीपीएन यूजर्स की संख्या में दुनिया के शीर्ष 3 देशों में शामिल है। वीपीएन का उपयोग कर आतंकी सोशल मीडिया और गुप्त चैनलों के जरिए युवाओं को बरगलाने और भर्ती करने का काम करते हैं। कुछ आतंकवादी समूह वीपीएन नेटवर्क का प्रयोग कर सरकारी वेबसाइटों, रक्षा प्रतिष्ठानों और बैंकिंग सिस्टम पर साइबर हमले करते हैं। दुनिया की एक तिहाई आबादी ऑनलाइन शॉपिंग करती है। इस साल ग्लोबल ई-कॉमर्स मार्केट के 7 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच जाने की उम्मीद है। भारत इस लिस्ट में फिलहाल सातवें नंबर पर है लेकिन सवाल है कि इस डेटा के बीच अगर कुछ संदिग्ध लोग कुछ हजार डॉलर की खरीददारी करते हैं, जिसका इस्तेमाल आगे जाकर किसी आतंकी हमले में होता है, तो उसे चिह्नित कैसे किया जाए। एफएटीएफ ने कुछ दिनों पहले पहलगाम को लेकर कहा था कि इतना बड़ा आतंकी हमला बाहरी आर्थिक मदद के बिना संभव नहीं हो सकता। उसकी हालिया रिपोर्ट इसी बात को और पुष्ट कर देती है। आतंकियों ने अपने काम का तरीका बदल लिया है। वे इंटरनेट की दुनिया की ओट ले रहे हैं, जो ज्यादा खतरनाक है।एफएटीएफ की रिपोर्ट में कहा गया है कि आतंकवादी समूहों ने पारंपरिक धन स्रोतों के साथ क्रिप्टोकरेंसी जैसे डिजिटल वित्तीय माध्यमों का भी उपयोग कर रहे हैं। पाकिस्तान एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट से बाहर भले हो गया हो लेकिन उसके खिलाफ आरोपों में कोई कमी नहीं आई है। अनेक ग्लोबल इंटेलिजेंस रिपोर्ट्स और एफएटीएफ ऑब्जर्वेशंस इस बात की पुष्टि करती हैं कि पाकिस्तान में आतंकी गुटों को डिजिटल इकोसिस्टम का खुले तौर पर उपयोग करने दिया जा रहा है, या कभी-कभी सरकार की मौन सहमति से। उदाहरण के रूप में लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे संगठनों ने बिटकॉइन और अन्य डिजिटल टोकन के जरिए फंड जुटाने की नई तरकीबें अपनाई हैं। कई मामलों में आतंकी फंडिंग के लिए फर्जी चैरिटेबल ट्रस्ट और सामाजिक मीडिया अभियानों का सहारा लिया गया है। 'गजवा-ए-हिंद' जैसे डिजिटल प्रोपेगेंडा प्लेटफॉर्म्स पाकिस्तानी जमीन से संचालित होकर भारत में कट्टरपंथ को बढ़ावा देने में लगे हैं। डिजिटल तकनीक ने जहां मानव जीवन को सरल और तेज किया है, वहीं इसका दुरुपयोग करके आतंकवाद को नया चेहरा देने की कोशिशें चिंता का विषय है। एफएटीएफ फएटीएफ की चेतावनी को गंभीरता से लेने और वैश्विक सहयोग को मजबूत करने की जरूरत है। विशेष रूप से पाकिस्तान जैसे देशों पर अंतरराष्ट्रीय दबाव बनाना होगा ताकि वे अपनी धरती पर पनप रहे आतंकवाद एवं डिजिटल आतंकवाद के अड्डों को समाप्त करें। तभी एक सुरक्षित डिजिटल वि और शांतिपूर्ण वैश्विक समाज की कल्पना की जा सकती है।

## तस्वीरों की दुनिया



तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी, हैदराबाद में राजभवन में राज्य के उच्च न्यायालय के नवनियुक्त मुख्य न्यायाधीश अपरेश कुमार सिंह के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान उनके साथ।




मुंबई में जेजे अस्पताल के शिशु रोग विभाग की एक जूनियर महिला डॉक्टर द्वारा आत्महत्या के प्रयास के बाद हड़ताल पर गए रेजिडेंट डॉक्टर।



गाजियाबाद में पवित्र श्रावण मास में तीर्थयात्रा के दौरान कांवड़िये। हिंदू मुस्लिम एकता समिति के सदस्यों ने गाजियाबाद में कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा की।



ब्रिटेन के लंदन स्थित लंदन श्री मुरुगन मंदिर में आदि कृतिगई के उपलक्ष्य में आयोजित एक विशेष प्रार्थना सभा में लोग भाग ले रहे हैं। इस कार्यक्रम में मुरुगन विषय पर आधारित कर्नाटक गायन प्रस्तुति दी गई।




भाजपा नेता विजय गोयल आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधियों के साथ नई दिल्ली में जंतर-मंतर पर आवारा कुत्तों के आतंक के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए।



त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा अगरतला में उज्जयंत पैलेस के पास केर पूजा उत्सव के दौरान एक आदिवासी पुजारी से आशीर्वाद लेते हुए।



पटना में भारतीय युवा कांग्रेस द्वारा आयोजित मेगा जॉब मेले के दौरान रजिस्ट्रेशन काउंटर पर बेरोजगार युवा एकत्रित हुए।

# सभी दुकानों पर लिखा होगा मालिकों का नाम और फोन नंबर, सुप्रीम कोर्ट में PIL दायर



नईदिल्ली, 20 जुलाई [एजेंसी]।

सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दाखिल हुई है, जिसमें उपभोक्ताओं के राइट टु नो (जानने के अधिकार) की दुहाई देते हुए केंद्र और राज्य सरकारों को सभी दुकानों पर दुकानदारों के नाम, पते फोन नंबर आदि प्रदर्शित करने का आदेश देने की मांग की गई है। दाखिल याचिका में उपभोक्ताओं को मिले जानने के अधिकार की दुहाई देते हुए कहा गया है कि प्रत्येक उपभोक्ता न सिर्फ उत्पाद की गुणवत्ता, मात्रा, शुद्धता, स्टैंडर्ड, निर्माण और एक्सपाइयरी तिथि तथा बीआईएस व एफएसएसएआई प्रमाणपत्र ही जानने का अधिकार नहीं बल्कि उपभोक्ता का यह भी अधिकार है कि वह उत्पाद बेचने वाले दुकानदार, वितरक व डीलर का ब्योरा भी जाने। ताकि वह अपनी शिकायत या समस्या के समाधान के लिए या फिर अनुचित व्यापार व्यवहार के खिलाफ शिकायत कर सके। भाजपा नेता वकील अश्वनी कुमार उपाध्याय ने यह जनहित याचिका दाखिल की है जिस पर सोमवार को सुनवाई की उम्मीद है। इसमें कहा गया है कि उपभोक्ता को उपभोक्ता संरक्षण कानून 2019 की धारा 2(6), 2(9) और 2(11) के तहत यह अधिकार मिला हुआ है। याचिका में यह भी मांग की गई है कि केंद्र सरकार व सभी राज्य सरकारों को निर्देश दिया जाए कि वे सुनिश्चित करें कि सभी दुकानदार, डीलर, वितरक प्रवेश द्वार पर बड़े अक्षरों में पंजीकरण नंबर के साथ नाम, पता, फोन नंबर और कर्मचारियों का ब्योरा लिखें। याचिका में केंद्र सरकार के अलावा सभी राज्य सरकारों को भी पक्षकार बनाया गया है।

## दुनिया की कोई ताकत भारत को निर्देश ना दे, भारत-पाक संघर्ष को लेकर ट्रंप के दावे पर बोले उपराष्ट्रपति धनखड़



नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि लोगों को बाहरी नैरेटिव से प्रभावित नहीं होना चाहिए, क्योंकि दुनिया की कोई भी ताकत भारत को यह निर्देश नहीं दे सकती कि उसे अपने मामलों को कैसे संभालना है। देश के सभी निर्णय हमारे नेतृत्व द्वारा लिए जाते हैं। उपराष्ट्रपति ने इस बात पर जोर दिया कि भारत आपसी सहयोग से काम करता है, परस्पर सम्मान रखता है और अन्य देशों के साथ कूटनीतिक संवाद करता है। लेकिन, अंततः हम संप्रभु हैं। हम अपने फैसले खुद लेते हैं। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब विपक्ष भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम कराने के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावों पर सरकार से स्पष्टीकरण की मांग कर रहा है।धनखड़ ने भारतीय रक्षा संपदा सेवा के प्रशिक्षुओं से कहा कि बाहरी बातों से प्रभावित न हों। हर खराब गेंद को खेलना जरूरी नहीं है। क्या यह माथापच्ची करने की जरूरत है कि किसने क्या कहा। जो क्रिकेट के मैदान पर अच्छे रन बनाता है, वह हमेशा खराब गेंदें छोड़ता है। वे लुभावनी होती हैं, लेकिन कोशिश नहीं की जाती। और जो कोशिश करते हैं, उनके लिए विकेटकीपर के सुरक्षित दस्ताने और गली (क्षेत्ररक्षण) में कोई और होता है।

## गुजरात के कुछ राजनीतिक दलों को सत्ताधारी दलों से अधिक चंदा मिला

**एडीआर की रिपोर्ट में हुआ खुलासा**

अहमदाबाद, 20 जुलाई [एजेंसी]।

चुनावों में पारदर्शिता के लिए चुनाव आयोग ने बॉन्ड समेत कई तरह की व्यवस्था की, लेकिन एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म्स (एडीआर) की एक रिपोर्ट में सामने आया है कि गुजरात के कुछ राजनीतिक दलों को सत्ताधारी दलों से अधिक चंदा मिला।पांच वर्ष में तीन चुनाव लड़कर ये दल 22 हजार मत भी नहीं जुटा पाए, लेकिन इन्हें रिकॉर्ड 2300 करोड़ रुपये का चंदा मिला। चुनाव आयोग में पंजीकृत गुजरात के पांच राजनीतिक दलों ने दो लोकसभा और एक विधानसभा चुनाव लड़कर कुल 22 हजार मत हासिल किए।इन दलों में भारतीय नेशनल जनता दल, न्यू इंडिया यूनाईटेड पार्टी, सत्यवादी रक्षक पार्टी, सौराष्ट्र जनता पक्ष तथा जन मन पार्टी शामिल है। इनको पांच साल में करीब 2300 करोड़ रुपये का चंदा मिला।जबकि देश के पांच शीर्ष राजनीतिक दलों को पांच वर्ष में मिले दान की रकम 3014 करोड़ रुपये है। स्थानीय राजनीतिक दलों ने आयोग को अपने चुनावी खर्च व आय की रिपोर्ट भी प्रस्तुत नहीं की है।

## एअर इंडिया विमान क्रैश के बाद उत्तरकाशी हेलीकॉप्टर दुर्घटना पर आई AAIB की रिपोर्ट

**हादसे की वजह पता चली**



नईदिल्ली, 20 जुलाई [एजेंसी]।

विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआइबी) ने शनिवार को उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में आठ मई को हुए हेलीकाप्टर हादसे की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट जारी की। इसमें कहा गया है कि रोटर ब्लेड के ओवरहेड केबल से टकराने के कारण दुर्घटना हुई थी। पायलट ने उत्तरकाशी-गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-34) पर हेलीकाप्टर उतारने का असफल प्रयास किया, जिसके बाद हेलीकाप्टर खाई में गिर गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि हेलीकाप्टर लगभग 20 मिनट तक हवा में रहा था, जब वह अपनी निर्धारित ऊंचाई से नीचे उतरने लगा।पायलट ने शुरुआत में एनएच-34 पर गंगनानी के पास आपातकालीन लैंडिंग का प्रयास किया। हालांकि, इस दौरान हेलीकाप्टर का मुख्य रोटर ब्लेड सड़क के समानांतर ऊपर से गुजर रही एक फाइबर-आप्टिक केबल से टकरा गया। इससे पायलट नियंत्रण खो बैठा और सुरक्षित लैंडिंग किए बिना पहाड़ी से नीचे गिर गया। हेलीकाप्टर लगभग 250 फीट गहरी खाई में एक पेड़ से जा टकराया।एएआइबी अधिकारियों ने मौके पर जांच के दौरान आवश्यक साक्ष्य विश्लेषण के लिए एकत्र किए। दुर्घटना से पहले क्या हुआ था, इसकी जानकारी जुटाने के लिए एएआइबी की टीम ने स्थानीय अधिकारियों और प्रत्यक्षदर्शियों से भी बात की।जांच के लिए विदेशी एजेंसियों के साथ समन्वय किया जा रहा है। इस दुर्घटना में मारे गए छह लोगों में पायलट कैप्टन राबिन सिंह भी शामिल थे। इसके अलावा कला चंद्रकांत सोनी, वेदांती, रुचि अग्रवाल, राधा अग्रवाल और विजया लक्ष्मी रेड्डी की भी मौत हो गई। हादसे में एक व्यक्ति घायल हो गया। दुर्घटना के समय निजी कंपनी द्वारा संचालित हेलीकाप्टर गंगोत्री मंदिर जा रहा था।

# वियतनाम में अचानक आया तूफान, पर्यटकों से भरी नाव पलटी, 34 लोगों की मौत



हा लॉन्ग बे, 20 जुलाई [एजेंसी]।

वियतनाम में शनिवार दोपहर अचानक आए तूफान में पर्यटकों को लेकर जा रही एक नाव पलट गई, जिसमें 34 लोगों की मौत हो गई। ये पर्यटक नाव में सवार होकर घूम रहे थे।

इस घटना में अभी 8 लोग लापता है, जिनकी तलाश की जा रही है। वियतनाम की सरकारी मीडिया ने बताया कि वंडर सी नाव पर 48 यात्री और चालक ल के 5 सदस्य सवार थे। ये सभी वियतनाम के ही रहने वाले थे। वियतनाम में हा लॉन्ग बे एक प्रसिद्ध टूरिस्ट स्थल है, जहां पर्यटकों की भीड़ साल के 12 महीने जुटती है। वीएनएक्सप्रेस अखबार के अनुसार, रेस्क्यू टीम ने 11 लोगों को बचा लिया है। पहले कहा गया था कि 12 लोगों को बचाया गया है, लेकिन बाद में इस आंकड़े को संशोधित कर 11 कर दिया गया।

कई मीडिया रिपोर्ट्स में 23 लोगों के लापता होने की भी खबरें हैं।सभी मृतकों की लाशें घटनास्थल से ही बरामद हुईं। बचे हुए लोगों में से एक 14 साल का लड़का भी शामिल है। उसे पलटी हुई नाव के भीतर फंसे रहने के चार घंटे बाद बचाया गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ज्यादातर पर्यटक राजधानी हनोई के रहने वाले थे। इसमें से करीब 20 बच्चे थे।वहीं वियतनाम के मौसम विभाग ने उष्णकटिबंधीय तूफ़ान की चेतावनी भी जारी की है, जो लगातार क्षेत्र की ओर बढ़ रहा है। मौसम विभाग ने कहा है कि तूफान विफा अगले सप्ताह हा लॉन्ग बे के तट सहित वियतनाम के उत्तरी क्षेत्र से टकराएगा।

## अजमेर दरगाह में शिव मंदिर, दोनों पक्षों के दावों पर सुनवाई 30 अगस्त तक टली



**अजमेर।** अजमेर दरगाह शरीफ में शिवमंदिर होने के मामले शनिवार को अजमेर की अदालत में होने वाली सुनवाई न्यायालय कर्मचारियों की हड़ताल व न्यायाधीश के नहीं होने पर 30 अगस्त तक टल गई। वकील योगेन्द्र ने मीडिया को यह जानकारी दी। राष्ट्रीय हिन्दू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णुगुप्ता की ओर दायर किए विशेष दावे पर अदालत ने अल्पसंख्यक विभाग, दरगाह, पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग को नोटिस दिए थे। बाद में इस मामले में अन्य 11 पक्षकार और जुड़ गए। इनकी अर्जी पर सुनवाई होनी थी।

# नकली पंचायत ऑफिस खोल नीलाम कर दी पांच एकड़ जमीन



अहमदाबाद, 20 जुलाई [एजेंसी]।

नकली पीएमओ अधिकारी, नकली टोल और नकली कोर्ट के बाद अब गुजरात में फर्जी तहसील पंचायत का कार्यालय खोलने का मामला सामने आया है। इस पंचायत कार्यालय के जरिये गांव की पांच एकड़ जमीन की नीलामी कर दी गई। इसके लिए पंचायत के असली लेटर हेड व सील का उपयोग किया गया। पंचायत के आदेश व प्रमाण पत्रों पर अधिकारियों के फर्जी हस्ताक्षर किए गए। इतना ही नहीं आवंटन के नाम पर आवेदकों से रिश्वत ली गई। इसमें गांव के एक पूर्व पटवारी व अन्य कर्मचारियों की मिलीभगत सामने आई है।गोंडल के तहसील विकास अधिकारी मिलन उकावाला का कहना है कि इस बारे में उन्हें अब तक कोई शिकायत नहीं मिली है। राजकोट की गोंडल तहसील में फर्जी पंचायत कार्यालय खोलकर त्राकुडा गांव की पांच एकड़ जमीन की नीलामी की योजना बनाई गई। पूर्व व वर्तमान कर्मचारियों की मिलीभगत से पंचायत के लेटर हेड व सील की व्यवस्था की गई। कागजात पर अधिकारियों के फर्जी हस्ताक्षर कराए गए। गांव के ही कुछ लोगों ने इस योजना का प्रचार प्रसार किया। आवेदकों को एक लाख 40 हजार रुपये की कीमत में प्लाट देने का वादा कर उनसे स्थानीय विकास निधी, शिक्षा, सफाई कर वसूला गया। आवेदकों से प्रति वर्ग मीटर के हिसाब से रिश्वत भी वसूली गई। त्राकुडा गांव के पूर्व पटवारी धर्मेश हापलिया को इस घोटाले का मास्टर माइंड माना जा रहा है। पंचायत के वर्तमान पटवारी भावेश उदेशी से जब इस नीलामी के बारे में पूछा गया तो उसने साफ इनकार कर दिया।

# गाजा में भोजन की लाइन में लगे लोगों पर फायरिंग, 32 की मौत

**यरुशलम।** गाजा में खाद्य सामग्री लेने जा रहे फलस्तीनियों पर शनिवार को इजरायली सैनिकों ने फिर से फायरिंग की। इस घटना में 32 लोगों के मारे जाने और दर्जनों के घायल होने की सूचना है। इजरायली सेना ने कहा है कि उसने संदिग्ध लोगों को देखकर उन्हें रोकने के लिए हवा में गोलियां चलाई थीं जबकि घायलों का कहना है कि चेतावनी देने वाली फायरिंग नहीं बल्कि लोगों पर सीधी फायरिंग की गई। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार पिछले सात सप्ताह में राहत सामग्री का वितरण करने वाले केंद्रों के निकट इजरायली सेना की फायरिंग में करीब 900 लोग मारे गए हैं। पीड़ित लोगों के अनुसार रास्ते के एक ओर से टैंक आए जबकि दूसरी ओर से इजरायली सेना के वाहन आए और उसके बाद लोगों पर फायरिंग शुरू हो गई।गाजा में राहत सामग्री का वितरण करने वाली अमेरिकी संस्था जीएचएफ ने कहा है कि उसके परिसर के नजदीक ऐसी कोई घटना नहीं हुई है। पता चला है कि लोग सवेरा होने से पहले अंधेरे में वितरण केंद्र की ओर जा रहे थे जिससे वे सामग्री वितरित होने से पहले लाइन बनाकर सामग्री पहले प्राप्त कर सकें। इजरायली सेना को अंधेरे में इन लोगों की गतिविधियां संदिग्ध लगीं और उसने फायरिंग कर दी।गाजा में 21 महीने से जारी इजरायली हमलों में अभी तक 58 हजार लोग मारे जा चुके हैं। कतर की राजधानी दोहा में गाजा में 60 दिनों के युद्धविराम के लिए वार्ता चल रही है।

# पूर्व सीएम के बेटे चैतन्य बघेल तक कैसे पहुंचे 1000 करोड़ से भी अधिक रुपये, ईडी ने पेश की रिमांड रिपोर्ट



रायपुर, 20 जुलाई [एजेंसी]।

छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार में हुए 3,200 करोड़ के शराब घोटाले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की शुक्रवार को गिरफ्तारी के बाद ईडी ने कई तथ्य उजागर किए हैं। जांच एजेंसी का दावा है कि चैतन्य को शराब सिंडिकेट से एक हजार करोड़ रुपये से अधिक कैश हैडलिंग (नकदी प्रबंधन) के लिए मिले हैं। कोर्ट में पेश ईडी की रिमांड रिपोर्ट के मुताबिक चैतन्य की गिरफ्तारी उनके पिता के करीबी दुर्ग के कारोबारी लक्ष्मी नारायण उर्फ पप्पू बंसल के बयान के आधार पर की गई है। इसी में उसने स्वीकार किया कि शराब सिंडिकेट से चैतन्य को 1,000 करोड़ रुपये से अधिक मिले हैं।उक्त रकम की गिनती अनवर ढेबर के फाफाडीह स्थित होटल में होती थी। इसके बाद अनवर ढेबर और नीतेश पुरोहित के जरिए पैसा चैतन्य के पास जाता था। चैतन्य के निर्देश पर ही राशि का एक हिस्सा प्रदेश कांग्रेस के कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल को दिया गया। रामगोपाल पिछले दो साल से लापता है। ईडी का आरोप है कि चैतन्य ने शराब घोटाले से हुई आय को विभिन्न माध्यमों से निवेश किया और उक्त आपराधिक धन को निष्कलंक संपत्ति बनाने की कोशिश की। ईडी के अनुसार चैतन्य की ओर से कुछ प्रतिष्ठान को ऋण देना तो बताया गया, मगर यह नहीं बताया गया कि उसके पास रकम कैसे और किस स्त्रोत से आई। जिस व्यक्ति, प्रतिष्ठान को ऋण देना बताया गया, उसने ऋण के बदले चैतन्य के प्रोजेक्ट में संपत्ति खरीदी। इससे भी शक गहराया। छत्तीसगढ़ शराब घोटाले में भूपेश बघेल सरकार में आबकारी मंत्री रहे कोंटा विधायक कवासी लखमा 15 जनवरी से और पूर्व आइएएस अनिल टूटेजा, कारोबारी अनवर ढेबर डेढ़ साल से जेल में बंद हैं। सिंडिकेट से जुड़े लोगों ने झारखंड में भी शराब घोटाले को अंजाम दिया।चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी से प्रदेश कांग्रेस अक्रामक हो गई है। शनिवार को पीसीसी मुख्यालय में हुई बैठक में 22 जुलाई को छत्तीसगढ़ बंद व आर्थिक नाकेबंदी कर चक्काजाम करने का निर्णय लिया गया।बैठक के बाद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि चैतन्य की गिरफ्तारी पूरी तरह असंवैधानिक है। जिस पप्पू बंसल के बयान पर मेरे बेटे की गिरफ्तारी की गई, उसके खिलाफ ही गैर जमानतीय गिरफ्तारी वारंट जारी है और वह बेखौफ ईडी के दफ्तर में घूम रहा है। आखिर ईडी बंसल को क्यों गिरफ्तार नहीं कर रही है?

# बंगाल में 9 करोड़ के जाली नोट बरामद होटल में रखी हुई थी नोट छापने की मशीन

**ऐसे खुली मामले की पोल**




कोलकता, 20 जुलाई [एजेंसी]।

कोलकाता से सटे उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली थाना क्षेत्र की पुलिस ने एक होटल से नौ करोड़ रुपये मूल्य के जाली नोट बरामद हुए हैं। अधिकांश जाली नोट 500-500 रुपये के हैं। पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके नाम सिराजुद्दीन मोल्ला और देबब्रत चक्रवर्ती हैं। सिराजुद्दीन के पास से दो आधार कार्ड भी मिले हैं।

जाली नोट का पता एक स्थानीय दुकान से सामान खरीदने के दौरान चला। दुकानदार को नोट देखकर शक हुआ तो उसने पुलिस को सूचना दी।फिर पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले लिया और होटल के कमरे की तलाशी में बैगों में भरे जाली नोट और दोनों के पास से कुछ नेपाली मुद्रा भी बरामद हुई। जाली नोट छापने वाली एक मशीन भी मिली है।

# पिता की जगह मां का लिखा जाएगा सरनेम, कलकत्ता हाईकोर्ट का ऐतिहासिक फैसला


कोलकाता, 20 जुलाई [एजेंसी]।



कलकत्ता हाई कोर्ट ने चंदननगर नगर निगम को एक किशोरी के जन्म प्रमाणपत्र में उसके पिता की जगह मां का सरनेम करने का निर्देश दिया है। अदालत सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार किशोरी के माता-पिता का तलाक हो चुका है।वह मां के साथ रह रही है। नौवीं की छात्रा है। उसके जन्म प्रमाणपत्र में नाम के साथ पिता का सरनेम चट्टोपाध्याय है लेकिन उसका आधार कार्ड, पासपोर्ट समेत अन्य दस्तावेज बनवाते समय मां ने अपने सरनेम भट्टाचार्य का इस्तेमाल किया था।बोर्ड की परीक्षा के रजिस्ट्रेशन के समय इस कारण समस्या उत्पन्न हुई। इसे देखते हुए मां ने बेटी के जन्म प्रमाणपत्र से पिता का सरनेम बदलने के लिए चंदननगर नगर निगम में आवेदन किया था, जिसपर कहा गया कि नियमों के अनुसार जन्म संबंधी दस्तावेजों में कोई त्रुटि रहने पर ही निगम को उसमें संशोधन करने का अधिकार है।

बाकी मामलों में वह कुछ नहीं कर सकता। इसके बाद मां ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। न्यायमूर्ति गौरांग कांत ने इसपर विचार करते हुए निगम को एक महीने के अंदर सरनेम बदलकर नया जन्म प्रमाणपत्र जारी करने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सरनेम बदलने पर भी किशोरी अपने पिता के उत्तराधिकार से वंचित नहीं होगी।

# पैसों की बचत करना चाहते हैं तो रोज चलें 10000 कदम, हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियां दे रही हैं छूट



नईदिल्ली, 20 जुलाई [एजेंसी]।

रोजाना सुबह तेज चलकर सिर्फ सेहत ही नहीं, अपनी जेब का भी ख्याल रखा जा सकता है। साल में एक निश्चित दिन तक 10,000 कदम चलकर हेल्थ इंश्योरेंस के रिन्युअल प्रीमियम पर 30 प्रतिशत तक की बचत की जा सकती है। इस काम के लिए हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी के एप को डाउनलोड करके उसे गूगल फिट से सिंक करना होगा। ताकि कंपनी को पता चल सके कि बीमाधारक रोजाना कितने कदम चल रहा है। हेल्थ इंश्योरेंस बेचने वाली केयर, निवा बुपा, मनिपाल, आदित्य बिरला जैसी कई कंपनियां इस प्रकार की पेशकश कर रही हैं। अलग-अलग कंपनियों ने अपना अलग मापदंड बना रखा है। लेकिन एक साल के 365 दिनों में कम से कम 270 दिन 10,000 कदम चलने पर ही कंपनी प्रीमियम राशि में छूट देती है। कुछ कंपनियां हेल्थ इंश्योरेंस में शामिल सभी बीमा धारकों के 10,000 कदम चलने पर 30 प्रतिशत तक की छूट दे रही है। अगर इंश्योरेंस में परिवार के चार सदस्य शामिल है तो सिर्फ एक व्यक्ति ही 10,000 कदम चलने की शर्त को पूरा कर पाता है तो उसे 7.5 प्रतिशत की छूट मिलेगी। इंश्योरेंस में सिर्फ एक व्यक्ति शामिल है और वह फिटनेस की शर्त को पूरा करता है तो उसे 12 प्रतिशत तक की छूट मिल सकती है।कुछ कंपनियां साल में 230 दिन भी 10,000 कदम चलने पर प्रीमियम राशि में कुछ छूट दे देती है। लेकिन अगर कोई बीमाधारक 10,000 से एक कदम भी कम चलता है तो उस दिन की गिनती नहीं होगी। इंश्योरेंस की खरीदारी के दौरान बीमाधारकों को अपने एजेंट से इस स्कीम की पूरी जानकारी लेनी चाहिए। अमूमन एजेंट उन्हें इसकी जानकारी नहीं देते हैं।इंश्योरेंस विशेषज्ञ मनीष अग्रवाल के मुताबिक एप के माध्यम से रोजाना चलने की पूरी जानकारी कंपनी को स्वत: मिल जाती है और रिन्युअल के दौरान प्रीमियम राशि अपने आप कम हो जाती है।

स्वास्थ्य के प्रति सजगता से इस स्कीम का लाभ उठाने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। कंपनियों का मानना है कि इस प्रकार की पेशकश से बीमाधारकों के साथ उन्हें भी फायदा है।रोजाना व्यायाम करने वाला और 10,000 कदम चलने वाले व्यक्ति के बीमार पड़ने या अस्पताल में भर्ती होने की आशंका कम हो जाती है। इससे बीमा क्लेम करने वालों की संख्या में कमी आएगी। हेल्थ इंश्योरेंस का औसतन क्लेम दो लाख रूपए तक पहुंच गया है और क्लेम करने वालों की संख्या में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है। जानकारों का कहना है कि हेल्थ इंश्योरेंस की खरीदारी लगातार महंगी होती जा रही है और पिछले एक साल में भी हेल्थ इंश्योरेंस की खरीदारी कीमत में 15-20 प्रतिशत तक का इजाफा हुआ है। ऐसे में इस प्रकार की स्कीम से बीमाधारकों को राहत मिलेगी।

# चीन के प्रति घट रही युवाओं में लोकप्रियता, ताइवान में शादी कर घरेलू पंजीकरण त्याग रहे चीनी नागरिक



ताइपे, 20 जुलाई [एजेंसी]।

युवा जोड़ों के बीच चीनी लोकप्रियता घटती जा रही है। ताइपे टाइम्स की रिपोर्ट में चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए हैं। इसमें कहा गया है कि ताइवानी नागरिकों से विवाहित लगभग 90 प्रतिशत चीनी जीवनसाथियों ने अपना घरेलू पंजीकरण त्याग दिया। मुख्यभूमि मामलों की परिषद (एमएसी) के उप मंत्री लियांग वेन-ची ने कहा कि ट्रैक किए गए 12,156 चीनी जीवनसाथियों में से केवल 10 ने ही अपना ताइवानी घरेलू पंजीकरण त्यागने का विकल्प चुना।

0.0008 प्रतिशत का यह नगण्य आंकड़ा ताइपे की संप्रभुता के प्रति प्रतिबद्धता के सामने चीन की घटती लोकप्रियता को दर्शाता है।एमएसी के अप्रैल में जारी निर्देश में यह अनिवार्य किया गया था कि चीनी पति-पत्नी तीन महीने के भीतर अपना पंजीकरण रद करने का प्रमाण दें। ऐसा न करने पर ताइवानी घरेलू पंजीकरण और इसके परिणामस्वरूप नागरिकता खोने का जोखिम है।दस लोगों के छोटे से समूह ने अपना ताइवानी पंजीकरण रद करने का फैसला चीन में संपत्ति विरासत में मिलने, सामाजिक कल्याण योजनाओं का लाभ उठाने या ताइवानी जीवनसाथी की मृत्यु के बाद लिया।

## गलत तरीके से छूते हैं टीचर..., राष्ट्रपति से सम्मानित शिक्षक पर छेड़छाड़ का आरोप



**नर्मदापुरम।** मध्य प्रदेश के नर्मदापुरम जिले के सिवनी मालवा स्थित बगवाड़ा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के इतिहास शिक्षक राम आशीष पांडे पर छात्राओं ने छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। उल्लेखनीय है कि पांडे 2013 में तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी से सम्मानित होने वाले शिक्षकों में शामिल हैं। छात्राओं की शिकायत पर पुलिस ने पांडे के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। छात्राओं का कहना है कि शिक्षक लंबे समय से अनुचित व्यवहार कर रहा था और उन्हें गलत तरीके से छूने की कोशिश करता था।इसकी जानकारी प्राचार्य को भी दी गई थी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। शनिवार को छात्राएं सिवनी मालवा थाने में शिकायत दर्ज कराने पहुंचीं। महिला थाना प्रभारी हेमलता मिश्रा ने उनके बयान लिए। जांच शुरू कर दी गई है।

## स्विमिंग पूल के किनारे नीलम गिरी ने लूटी महफिल, दिलकश अदाओं से बढ़ाया इंटरनेट का तापमान



भोजपुरी इंडस्ट्री की पॉपुलर एक्ट्रेस नीलम गिरी एक बार फिर अपने ग्लैमरस अंदाज़ को लेकर सुर्खियों में हैं. सोशल मीडिया पर शेयर किए गए एक लेटेस्ट वीडियो में नीलम ब्लू टॉप और स्ट्राइप्ड पैंट्स में स्वैग से वॉक करती नजर आ रही हैं. स्विमिंग पूल के किनारे शूट हुए इस वीडियो में नीलम के किलर एक्सप्रेशंस और कॉन्फिडेंस ने फैंस का दिल जीत लिया है. नीलम का यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है और फैंस कमेंट सेक्शन में हार्ट, फायर और लव इमोजी की बरसात कर रहे हैं. किसी ने उन्हें ब्यूटी विद ब्रेन कहा तो किसी ने हॉटनेस ओवरलोडेड. यह वीडियो राजेश रजनीश के गाने उड़ जाइबु ए मैना पर शूट किया गया है, जिसमें नीलम गिरी का डांस और एक्सप्रेशंस दोनों ही लाजवाब हैं.

नीलम गिरी की सोशल मीडिया पर जबरदस्त फैन फॉलोइंग है और उनके हर वीडियो को लाखों लाइक्स और व्यूज मिलते हैं. इस वीडियो को भी कुछ ही घंटों में 4,000 से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैं. नीलम की यह अदा और स्टाइल देख फैंस उनके नए प्रोजेक्ट्स को लेकर काफी एक्साइटेड हैं.

नीलम गिरी का यह बोल्ड लुक यह साबित करता है कि वह न सिर्फ अभिनय में माहिर हैं, बल्कि अपने फैशन और स्टाइल से भी लोगों के दिलों पर राज करना बखूबी जानती हैं.

# प्रकृति और वन्य जीवन का अद्भुत संगम है डाचीगाम राष्ट्रीय उद्यान

‘डाचीगाम’ का अर्थ है दस गाँव, और यह नाम उन दस गांवों की याद में पड़ा है जिन्हें इस क्षेत्र को संरक्षित वन क्षेत्र बनाने के लिए विस्थापित किया गया था। पहले इसे श्रीनगर की जल आपूर्ति की रक्षा के लिए आरक्षित वन क्षेत्र घोषित किया गया था, और बाद में 1981 में इसे राष्ट्रीय उद्यान का दर्जा दिया गया।

जम्मू और कश्मीर की खूबसूरत वादियाँ न केवल प्राकृतिक सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध हैं, बल्कि यहाँ जैव विविधता की दृष्टि से भी कई समृद्ध स्थल मौजूद हैं। इन्हीं में से एक है—डाचीगाम राष्ट्रीय उद्यान । श्रीनगर से मात्र 22 किलोमीटर की दूरी पर स्थित यह पार्क कश्मीर की शांत वादियों में प्रकृति और वन्य जीवन का अद्भुत संगम है।



**परिचय और इतिहास**

‘डाचीगाम’ का अर्थ है दस गाँव, और यह नाम उन दस गांवों की याद में पड़ा है जिन्हें इस क्षेत्र को संरक्षित वन क्षेत्र बनाने के लिए विस्थापित किया गया था। पहले इसे श्रीनगर की जल आपूर्ति की रक्षा के लिए आरक्षित वन क्षेत्र घोषित किया गया था, और बाद में 1981 में इसे राष्ट्रीय उद्यान का दर्जा दिया गया।

भौगोलिक विशेषताएँ

क्षेत्रफल- लगभग 141 वर्ग किलोमीटर

ऊँचाई- 5500 फीट से लेकर 14,000 फीट तक

वनस्पति- पार्क में अल्पाइन घासभूमियाँ, कांगड़ी जंगल, देवदार, चिनार, और विलो जैसे पेड़ पाए जाते हैं।

जलस्रोत- दरका स्ट्रीम और हरवान झील जैसे स्रोत यहाँ की जीवन रेखा हैं।

**वन्य जीवन**

डाचीगाम राष्ट्रीय उद्यान वन्यजीव प्रेमियों के लिए किसी खजाने से कम नहीं। यहाँ कई दुर्लभ और संकटग्रस्त प्रजातियाँ पाई जाती हैं-

**प्रमुख आकर्षण**

हांगुल (कश्मीरी स्टैग)- यह दुनिया में केवल कश्मीर में पाया जाने वाला बारहसिंगा है और डाचीगाम इसका प्रमुख आवास है।

हिमालयी काले भालू

मार्मोट (पहाड़ी गिलहरी)

लाल लोमड़ी

हिमालयन तहर और मस्क डियर (कस्तूरी मृग)

**पक्षी प्रेमियों के लिए स्वर्ग-**

गोल्डन ईगल

ब्लैक बुलबुल

कश्मीरी फ्लायकैचर

मोंल और हिमालयी मोनाल

पर्यटन और यात्रा की जानकारी

**कैसे पहुँचें-**

निकटतम शहर- श्रीनगर (22 किमी)

हवाई मार्ग- श्रीनगर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा

सड़क मार्ग-टैक्सी, बस या निजी वाहन से श्रीनगर से सीधा पहुँचा जा सकता है

**घूमने का सर्वोत्तम समय**

**अप्रैल से अक्टूबर** इन महीनों में मौसम सुहावना होता है और वन्यजीवों को देखना आसान होता है।

सर्दियों में (नवंबर-मार्च) ऊपरी क्षेत्र बर्फ से ढक जाते हैं और पार्क का कुछ हिस्सा बंद भी हो सकता है।

**प्रवेश और अनुमति**

पर्यटकों को पार्क में प्रवेश के लिए वन विभाग से अनुमति लेनी होती है।

गाइड के साथ भ्रमण करना अनुशंसित है ताकि वन्य जीवन की जानकारी और सुरक्षा दोनों सुनिश्चित की जा सके।

**क्या करें और क्या न करें**

**करें**

शांतिपूर्वक ट्रेल्स पर चलें

बायनोक्युलर और कैमरा साथ रखें

स्थानीय गाइड से जानकारी प्राप्त करें

न करें

जानवरों को चिढ़ाएँ नहीं

कचरा न फैलाएँ

**पौधों या जानवरों को क्षति न पहुँचाएँ**

डाचीगाम राष्ट्रीय उद्यान एक ऐसा स्थान है जहाँ प्रकृति, वन्यजीवन और शांति एक साथ मिलते हैं। यहाँ आकर पर्यटक न केवल कश्मीर की प्राकृतिक विविधता को निहार सकते हैं, बल्कि हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र को करीब से समझने का अवसर भी मिलता है। यदि आप कश्मीर की यात्रा पर हैं और प्राकृतिक सुंदरता के साथ कुछ नया अनुभव करना चाहते हैं, तो डाचीगाम की यात्रा अवश्य करें — यह अनुभव आपके जीवन का अमूल्य हिस्सा बन जाएगा।

## पंजाबी की तुलना में तेलुगू फिल्म सेट पर रहती है ज्यादा गंभीरता : यामिनी मल्होत्रा



एक्ट्रेस यामिनी मल्होत्रा पंजाबी के साथ ही तेलुगू फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं। उन्होंने दोनों इंडस्ट्री के काम करने के तौर-तरीकों में बड़ा अंतर बताया। यामिनी के अनुसार, पंजाबी फिल्मों के सेट किसी बड़े शादी फंक्शन जैसे होते हैं, जबकि तेलुगू सेट पर सख्त प्रोफेशनल माहौल रहता है।

उन्होंने कहा, पंजाबी फिल्म की शूटिंग किसी शादी फंक्शन की तरह है। हर कोई उत्साह से भरा होता है। खाना, हंसी-मजाक और म्यूजिक का माहौल रहता है। काम के बावजूद यह परिवार के एकजुट होने जैसा लगता है। शूटिंग के बाद लोग साथ में समय बिताते हैं, रिश्ते बनते हैं और माहौल बेहद दोस्ती भरा होता है।

वहीं, तेलुगू सेट्स के बारे में यामिनी का अनुभव बिल्कुल अलग है। उन्होंने बताया, तेलुगू सेट्स पर नियम और सटीकता की सख्ती होती है। हर कोई अपना काम करने के बाद वैनिटी वैन में चला जाता है। आपस में बातचीत बहुत कम होती है। माहौल पूरी तरह प्रोफेशनल और कभी-कभी मशीन जैसा लगता है।

बिग बॉस 18 की कंटेस्टेंट रहीं यामिनी दोनों इंडस्ट्री की खासियतों को पसंद करती हैं। उनके हिसाब से फिल्म के अनुसार माहौल का भी निर्धारण होता है। वे पंजाबी सेट्स की गर्मजोशी और तेलुगू सेट्स की दक्षता, दोनों का आनंद लेती हैं।

यामिनी अब बॉलीवुड में डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। उनकी पहली हिंदी फिल्म चिल मारना ब्रो जल्द रिलीज होगी। तेजस दत्तानी के निर्देशन में बनी यह फिल्म कॉमेडी ड्रामा है, जिसमें ढेर सारे ट्विस्ट्स और हंसी-मजाक का तड़का है।

यामिनी ने बताया, एक्टिंग मेरा पैशन है। बॉलीवुड में कदम रखना मेरा सपना था, जो अब पूरा हो रहा है। फिल्म की कहानी मजेदार है, जिसमें कॉमेडी और ट्विस्ट्स का शानदार मिक्सअप है।

## गर्दन में दर्द से परेशान हैं? इन 5 बातों का रखें ध्यान, मिलेगा आराम



गर्दन में दर्द एक आम समस्या है, जो कई कारणों से हो सकती है। अक्सर यह लंबे समय तक एक ही स्थिति में बैठने, गलत तरीके से सोने या किसी चोट के कारण होता है। इस लेख में हम आपको कुछ सरल और प्रभावी सुझाव देंगे, जिनसे आप गर्दन के दर्द से राहत पा सकते हैं और अपने जीवन को अधिक आरामदायक बना सकते हैं। इन सुझावों को अपनाकर आप अपने गले को स्वस्थ रख सकते हैं।

**सही तकिया चुनें**

गर्दन के दर्द का एक बड़ा कारण सही तकिया न होना हो सकता है। तकिया ऐसा होना चाहिए, जो आपकी गर्दन की प्राकृतिक स्थिति को सहारा दे। बहुत ऊंचा या बहुत नीचा तकिया लेने से बचें। ऐसा तकिया चुनें, जो नर्म हो और आपकी गर्दन को सही तरीके से सहारा दे सके। इससे आपकी नींद भी अच्छी होगी और सुबह उठते समय आपको दर्द का अनुभव नहीं होगा। सही तकिया चुनने से आपकी गर्दन को आराम मिलेगा।

**नियमित स्ट्रेचिंग करें**

गर्दन के दर्द से राहत पाने के लिए नियमित स्ट्रेचिंग करना बहुत जरूरी है। हर सुबह और शाम कुछ मिनट निकालकर हल्की-हल्की स्ट्रेचिंग करें। इससे आपकी मांसपेशियों में लचीलापन आएगा और दर्द में कमी आएगी। आप गर्दन को धीरे-धीरे घुमाकर भी स्ट्रेचिंग कर सकते हैं। इसके अलावा आप कंधों को भी खींच सकते हैं, जिससे आपकी गर्दन की मांसपेशियां आराम करेंगी और दर्द में कमी आएगी। नियमित स्ट्रेचिंग से आपकी गर्दन को आराम मिलेगा और आप अधिक सक्रिय रहेंगे।

**सही बैठने का तरीका अपनाएं**

काम करते समय सही बैठने का तरीका अपनाना बहुत जरूरी है। कंप्यूटर पर काम करते समय पीठ सीधी रखें और गर्दन को झुकने न दें। अगर लंबे समय तक बैठना पड़ता है तो हर घंटे में थोड़ी देर खड़े होकर टहलें या कुछ हल्की-फुल्की व्यायाम करें। इससे आपकी मांसपेशियां सक्रिय रहेंगी और दर्द कम होगा। सही बैठने का तरीका अपनाने से न केवल गर्दन का दर्द कम होगा, बल्कि आपकी कार्यक्षमता भी बढ़ेगी और आप अधिक आरामदायक महसूस करेंगे।

**गर्म या ठंडी सिकाई का सहारा लें**

गर्दन के दर्द को कम करने के लिए गर्म या ठंडी सिकाई करना एक प्रभावी तरीका हो सकता है। अगर आपको तुरंत राहत चाहिए तो ठंडी सिकाई करें और आराम के लिए गर्म सिकाई करें। ठंडी सिकाई से सूजन कम होती है और गर्म सिकाई से मांसपेशियां ढीली होती हैं। इसे सही तरीके से इस्तेमाल करने पर आप अपने गर्दन के दर्द को कम कर सकते हैं और आराम पा सकते हैं।

**डॉक्टर की सलाह लें**

अगर घरेलू उपायों से राहत नहीं मिल रही हो तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। डॉक्टर आपको सही सलाह देंगे और जरूरत पड़ने पर उचित इलाज भी करेंगे। गर्दन के दर्द को नजरअंदाज न करें क्योंकि यह भविष्य में बड़ी समस्याओं का कारण बन सकता है। सही समय पर इलाज कराने से आप जल्दी ठीक हो सकते हैं और अपनी दिनचर्या को सामान्य बना सकते हैं।



बालों में गजरा, पिंक साड़ी, रश्मि देसाई के ट्रेडिशनल लुक पर फिदा हुए फैंस

# हेयर स्ट्रेटनर का इस्तेमाल करते समय इन 5 बातों का रखें खास ध्यान, मिलेगा फायदा

हेयर स्ट्रेटनर एक ऐसा उपकरण है, जो बालों को सीधा करने में मदद करता है। हालांकि, इसे सही तरीके से इस्तेमाल करना जरूरी है ताकि बालों को किसी भी तरह का नुकसान न पहुंचे। आइए आज हम आपको कुछ ऐसी जरूरी बातें बताते हैं, जिनका ध्यान रखकर आप अपने हेयर स्ट्रेटनर का सही और सुरक्षित तरीके से इस्तेमाल कर सकते हैं और अपने बालों को खूबसूरत बना सकते हैं।

**बालों को साफ और सुखाएं**


हेयर स्ट्रेटनर का इस्तेमाल करने से पहले अपने बालों को अच्छे से धो लें और उन्हें पूरी तरह से सुखा लें। गीले बालों पर सीधे स्ट्रेटनर न लगाएं क्योंकि इससे बालों को नुकसान पहुंच सकता है। गीले बालों पर सीधा स्ट्रेटनर लगाने से बाल टूट सकते हैं और उनकी चमक भी कम हो सकती है। इसलिए हमेशा सूखे और साफ बालों पर ही हेयर स्ट्रेटनर का उपयोग करें।

**हीट प्रोटेक्टेंट का करें उपयोग**

हेयर स्ट्रेटनर से पहले हीट प्रोटेक्टेंट लगाना बहुत जरूरी है। यह आपके बालों को गर्मी से होने वाले नुकसान से बचाता है। हीट प्रोटेक्टेंट बालों को नमी प्रदान करता है और उन्हें टूटने से रोकता है। हीट प्रोटेक्टेंट लगाने के बाद कुछ मिनट इंतजार करें ताकि यह अच्छी तरह से बालों में समा जाए। इसके बाद ही हेयर स्ट्रेटनर का उपयोग करें। इससे आपके बालों की चमक बनी रहती है और वे स्वस्थ दिखते हैं।

**तापमान सेटिंग्स पर ध्यान दें**

अलग-अलग प्रकार के बालों के लिए अलग-अलग तापमान सेटिंग्स होती हैं। मुलायम बालों के लिए कम तापमान, मोटे और घुंघराले बालों के लिए अधिक तापमान चुनें। इससे आपके बाल सही तरीके से सीधे होंगे और उन्हें कोई नुकसान भी नहीं होगा।



इसके अलावा तापमान सेटिंग्स का सही उपयोग करने से बालों की चमक बनी रहती है और वे स्वस्थ दिखते हैं। इसलिए हमेशा अपने बालों के प्रकार के अनुसार ही तापमान सेटिंग्स चुनें।

**स्ट्रेटनर की प्लेट्स को साफ रखें**

हर बार उपयोग के बाद अपने हेयर स्ट्रेटनर की प्लेट्स को साफ करें। इसके लिए गीले कपड़े या टिश्यू का उपयोग करें। इससे किसी भी उत्पाद या बालों के अवशेष प्लेट्स पर नहीं रहेंगे, जिससे अगली बार उपयोग करने पर आपके बाल सही तरीके से सीधे होंगे। साफ-सफाई न करने पर अवशेष इकट्ठे हो सकते हैं, जिससे स्ट्रेटनर की कार्यक्षमता पर असर पड़ सकता है और यह लंबे समय तक सही ढंग से काम नहीं करेगा।

**बालों को छोटे-छोटे हिस्सों में बांटे**

बालों को छोटे-छोटे हिस्सों में बांटकर स्ट्रेटनर का उपयोग करें। इससे हर हिस्सा बराबर गर्मी मिलेगी और आपके बाल बेहतर तरीके से सीधे होंगे। छोटे हिस्सों में काम करने से आपको यह पता चलेगा कि कहां-कहां ज्यादा गर्मी की जरूरत है और कहां कम। इससे आपके बाल एकसमान तरीके से सीधे होंगे और उनका लुक भी बेहतर दिखेगा। इस तरह से आप अपने हेयर स्ट्रेटनर का सही और सुरक्षित तरीके से इस्तेमाल कर सकते हैं।

## शब्द सामर्थ्य -114


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**

1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**

1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुसबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नजदीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 113 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | | प | स | | |
| जा | त | | थ | प | थ | पा | ना | |
| य | र | का | नी | | भ्र | | र | श्मि |
| ब | घा | र | | क | ष्ट | प्र | द | |
| | त | ना | त | नी | | र्व | | ब |
| अ | | मा | | ज | मा | त | | ल |
| स | जा | | | | | क | ज | रा |
| बा | | बे | स | हा | रा | | ग | म |
| ब | गु | ला | | रा | ज | दू | त | |

# यूनियन वेरिफिकेशन के पहले चरण में बीएमएस यूनियन आगे

### श्रम संघों में मची होड़

**चरचा कालरी।** एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र अंतर्गत सर्वाधिक कर्मचारी संख्या वाले चरचा माइन आर ओ कालरी में 19 जुलाई को कालरी प्रबंधन द्वारा यूनियन वेरिफिकेशन अर्थात यूनियन सदस्यता सत्यापन प्रारंभ किया गया जिसमें भारतीय जनता पार्टी समर्थित बी.एम.एस. यूनियन ने सर्वाधिक 375 कर्मचारियों का विश्वास मत हासिल किया वहीं दूसरे स्थान पर कांग्रेस समर्थित इंटक यूनियन पर 259 श्रमिकों ने अपना विश्वास व्यक्त किया ,इसी क्रम में तीसरा स्थान पर एच.एम.एस. यूनियन 213 सदस्य संख्या के साथ रही यूनियन वेरिफिकेशन के चौथे पायदान पर एटक यूनियन रही जिसे 195 श्रमिकों का विश्वास मत हासिल हुआ।

वही 191 श्रमिकों ने नोटा में अपना मत दिया वेरिफिकेशन के तहत क्षेत्रीय चिकित्सालय चर्चा के कर्मचारियों में से



16 विश्वास मत एटक यूनियन को मिले वही 13 विश्वास मत हासिल कर एच एमएस यूनियन दूसरे स्थान पर रही क्षेत्रीय चिकित्सालय में 6 मत इंटक यूनियन को मिले वहीं भारतीय मजदूर संघ मात्र चार मतों में सिमट गई यूनियन सदस्यता सत्यापन का दूसरा दौर 21 जुलाई को होगा इसके पश्चात ही यह सुनिश्चित होगा कि यूनियन सदस्यता सत्यापन के प्रथम पायदान पर किस यूनियन ने कब्जा किया पहले चरण के यूनियन वेरिफिकेशन के दौरान बीएमएस यूनियन के धर्मेंद्र सिंह ,जितेंद्र श्रीवास्तव ,विनोद दुबे, सुशील शर्मा ,प्रवीण डहरिया , एटक यूनियन के रियाज अहमद, महेश यादव, लखन दास ,प्रभात शर्मा, शब्बीर अंसारी ,एस के मैथी कांग्रेस समर्थित इंटक यूनियन से इंद्रजीत पाल , एम एच खान ,रवि मलिक, शराफत अली, बृजलाल ,धर्मवीर सिंह एचएमएस यूनियन से ज्ञानेंद्र पांडे ,अशोक निर्मलकर आदि विशेष रूप से सक्रिय नजर आए।

गौरतलब है कि यूनियन सदस्यता सत्यापन के दौरान यूनियन पदाधिकारी का रवैया अपने श्रमिक साथियों के लिए बहुत ही सकारात्मक रहता है किंतु यूनियन वेरिफिकेशन होते ही अधिकांश पदाधिकारी का रवैया बदल जाता है यूनियन को उठान पड़ता है यदि श्रम संघ के पदाधिकारी पुरी पूरे लगन के साथ श्रमिक ही तो की रक्षा में लगे रहेंगे श्रमिकों के समस्याओं का समाधान करते रहेंगे तो निश्चित ही उन्हें यूनियन वेरिफिकेशन के द्वारा परेशानी नहीं होगी और उनके द्वारा किए गए मेहनत का परिणाम भी उन्हें तत्काल नजर आएगा।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान: बैकुंठपुर नगर पालिका परिषद की पर्यावरण संरक्षण की एक सराहनीय पहल



**कोरिया बैकुंठपुर।** पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सकारात्मक पहल करते हुए नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 450 पौधों का सफलतापूर्वक रोपण कर क्षेत्र में हरियाली फैलाने की नई शुरुआत की है। इस अभियान के तहत न केवल पौधरोपण किया गया, बल्कि नगरवासियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और पौधों से भावनात्मक जुड़ाव उत्पन्न करने का भी प्रयास किया गया। साथ ही भविष्य में 4500 और पौधे लगाने का लक्ष्य भी तय किया गया है, जो इस प्रयास को और भी व्यापक बनाएगा।

आज जिस प्रकार से पर्यावरणीय असंतुलन और जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणाम सामने आ रहे हैं, उससे संपूर्ण विश्व चिंतित है। प्रदूषण, ग्लोबल वार्मिंग, जल संकट, जैवविविधता का क्षरण — ये सब ऐसे मुद्दे हैं जो मनुष्य की आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को संकट में डाल रहे हैं। ऐसे में यदि स्थानीय स्तर पर शासन-प्रशासन, जनप्रतिनिधि और आम जनता मिलकर किसी सकारात्मक कदम की ओर बढ़ते हैं, तो वह निश्चित तौर पर प्रशंसनीय होता है। इसी भावना से प्रेरित होकर नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर ने एक पेड़ मां के नाम नामक इस अभिनव अभियान की शुरुआत की। इसका मुख्य उद्देश्य केवल पौधारोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि हर एक नागरिक को यह अहसास दिलाना है कि जैसे मां जीवन देती है, वैसे ही पेड़ भी हमें जीवनदायी वायु, छांव, फल-फूल और पारिस्थितिक संतुलन प्रदान करते हैं। बैकुंठपुर नगर पालिका परिषद द्वारा आयोजित इस पौधारोपण कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी संजय दुबे, उप अभियंता अनामिका एक्का तथा नगरी निकाय के समस्त कर्मचारी, स्वच्छता दीदी उपस्थित रहे।

### तेज रफ्तार कार पुल से टकराई चार दोस्तों की दर्दनाक मौत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर ज़िले में एक भीषण सड़क हादसे ने सभी को झकझोर कर रख दिया। यह दुर्घटना राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर आतुर गांव के पास देर रात करीब 1:30 बजे हुई, जब केशकाल से कांकेर की ओर आ रही एक तेज़ रफ्तार डिज़ायर कार पुल से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार में तुरंत आग लग गई। कार में सवार सभी छह युवक दोस्त थे, जो ढोंडरापाल गांव से कांकेर के एक मित्र को छोड़ने जा रहे थे। हादसे में चार युवकों की मौके पर ही जलकर मौत हो गई, जबकि दो लोग कार से छिटककर बाहर गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर के बाद कार में आग तेजी से फैली, जिससे कार में फंसे युवकों को बाहर निकलने का मौका नहीं मिला। यह हादसा इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल पैदा कर गया है।

## क्षेत्रीय विधायक के प्रयासों से वर्षों से लंबित डामरीकरण सड़क निर्माण कार्य के लिए मिले तेरह करोड़ अडतालीस लाख रुपए की सौगात

**सूरजपुर।** सूरजपुर जिला अंतर्गत विकास खंड प्रेमनगर के ग्राम पंचायत जयपुर से पर्वतीपुर तक 3.50 किलोमीटर एवं ग्राम पंचायत टाकर से डूमरभवना होते हुवे उमेश्वरपुर चौक तक लम्बाई 10.34 किलोमीटर लागत राशि 1348.25(तेरह करोड़ अडतालीस लाख पच्चीस हजार रुपए की डामरीकरण सड़क निर्माण कार्य का क्षेत्रीय विधायक भूलन सिंह मरावी के प्रयासों से प्रशासकीय स्वीकृति मिला है आपको बतादें की जयपुर से पार्वतीपुर तक जो सड़क निर्माण कार्य की स्वीकृति मिली है यह एक बारहमासी सड़क के रूप में उपयोगी है बरसात के दिनों में आवागमन करने वाले राहगीरों को काफी समस्या होती थी लेकिन क्षेत्र की विधायक भूलन सिंह मरावी ने इस समस्या से निजात दिलाने का कार्य किया है वहीं ग्राम पंचायत टाकर से डूमर भवना होते हुवे उमेश्वरपुर चौक तक यह सड़क भी बहुत ही उपयोगी सड़क है लोगो को आवागमन में काफी समस्या होती थी आज यह सड़क निर्माण हो जाने से आवागमन करने वाले लोगों को सुविधा उपलब्ध होगी क्षेत्रीय विधायक भूलन सिंह मरावी के प्रयासों से भाजपा सरकार में विधानसभा प्रेमनगर में विकास की एक नई गाथा लिखी जा रही है कुछ दिन ही पूर्व में उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र के लिए हाईस्कूल भवन के लिए करोड़ों का बजट लाया था उन्होंने गांव गांव में दौरा कर एक एक जनता तक पहुंच कर उनके समस्याओं को जानने की कोशिश करते हुवे समस्याओं का त्वरित निराकरण करने का भी प्रयास किया है क्षेत्रीय विधायक भूलन सिंह मरावी ने कहा है कि क्षेत्र की जनता का सेवा करना हमारी जिम्मेदारी है विधानसभा प्रेमनगर की जनता ने मुझे क्षेत्र की विकास के लिए मुझे अपना आशीर्वाद देकर विधायक बनाया है और इसी सोच के साथ मैं अपने जिम्मेदारी के साथ कार्य कर रहा हूं उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोडूंगा। डामरीकरण सड़क निर्माण कार्य की स्वीकृति मिलने से क्षेत्र की जनता ने विधायक भूलन सिंह मरावी को धन्यवाद ज्ञापित किया है क्षेत्र की जनता का कहना है कि आज हमारे वर्षों की समस्या को विधायक भूलन सिंह मरावी ने दूर किया है इसके पूर्व में हम ग्रामवासी मंत्री विधायक के चक्कर लगाते रहे लेकिन हमारे समस्याओं को किसी ने नहीं समझा आज सड़क निर्माण हो जाने से हम ग्राम वासियों को आवागमन करने में सुविधा उपलब्ध हो सकेगा।

### फर्जी नौकरी दिलाने के नाम पर 4.5 करोड़ की ठगी

**दुर्ग।** जिले में एक बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है, जिसमें लोगों को सरकारी नौकरी का झांसा देकर करीब 4.5 करोड़ रुपये की ठगी की गई है। आरोपियों ने छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से लोगों को निशाना बनाया, जिसमें दुर्ग सीएमएचओ कार्यालय की कर्मचारी प्रिया देशमुख, बिलासपुर और बलौदाबाजार के 14 से अधिक युवा शामिल हैं। आरोपियों ने लोगों को खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निरीक्षक, सीएसपीडीसीएल में सहायक अभियंता, और एनटीपीसी में इंजीनियर पद पर फर्जी नियुक्ति पत्र देकर ठगा।

### छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार प्राथमिकता के तौर पर विकास कर रही है



**चिरमिरी।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कुशल नेतृत्व में हमारी सुशासन सरकार मनेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र के साथ ही पूरे जिले और प्रदेश में विकास को प्राथमिकता देते हुए कार्य कर रही है। उक्त विचार छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री एवं विधायक श्याम बिहारी जायसवाल ने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि भाजपा के शासनकाल में विकास कार्यों की कोई कमी नहीं होगी वही हर कार्य को पारदर्शिता पूर्ण रूप से किया जाएगा। मनेंद्रगढ़-भरतपुर-चिरमिरी जिले की बात करें तो, यहां मेडिकल कॉलेज, 220 बेड का जिला अस्पताल,220 बिस्तर का ही एक सिविल अस्पताल, रेलवे प्रोजेक्ट, हॉर्टिकल्चर कॉलेज, पॉलिटेकनिक कॉलेज एवं एग्रीकल्चर कॉलेज की स्वीकृति, चिरमिरी में पेयजल की समस्या को दूर करने के लिए अमृत मिशन के तहत कार्य के साथ ही सड़कों का लगातार विस्तार हो रहा है। हसदेव से केवई नदी को जोड़ने के प्रोजेक्ट से साढ़े 12 हजार एकड़ जमीन की सिंचाई होगी और चिरमिरी व मनेंद्रगढ़ में पानी की समस्या दूर होगी।

### नायक महेश मिश्रा को मिलेगा राष्ट्रपति पदक स्वतंत्रता दिवस पर रायपुर में होगा सम्मान

**बैकुंठपुर।** कोरिया जिले की नगर सेना में नायक के पद पर कार्यरत महेश मिश्रा को उनकी विशिष्ट सेवाओं के लिए आगामी 15 अगस्त 2025 को रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में राष्ट्रपति पदक से नवाजा जाएगा। यह सम्मान उन्हें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के हाथों प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही उन्हें आउट ऑफटर्न प्रमोशन का लाभ भी मिलेगा। महेश मिश्रा छत्तीसगढ़ नगर सेना से इस वर्ष राष्ट्रपति पदक के लिए चयनित होने वाले इकलौते जवान हैं। वे पिछले 18 वर्षों से अपनी ड्यूटी के साथ-साथ यातायात जागरूकता के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहे हैं, जिससे उन्हें ट्रैफिक मैन के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने अब तक स्कूल और कॉलेजों में अपने निजी खर्च से 500 से अधिक ट्रैफिक जागरूकता शिविर आयोजित किए हैं, जिनके माध्यम से वे करीब 4 लाख लोगों को ट्रैफिक नियमों की जानकारी दे चुके हैं। महेश मिश्रा सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय रहते हैं- वे वाहन चालकों को नि:शुल्क चश्मा वितरित करते हैं और सड़कों के गड्ढे भरवाने जैसे कार्यों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं। शिक्षा के क्षेत्र में भी उनका योगदान उल्लेखनीय है। वे संस्कृत, राजनीति विज्ञान और समाजशास्त्र में स्नातकोत्तर स्तर पर गोल्ड मेडलिस्ट हैं। वर्तमान में वे छत्तीसगढ़ राज्य के कोरिया जिले के विशेष परिप्रेक्ष्य में यातायात नियमों के पालन पर जागरूकता विषय पर पीएचडी कर रहे हैं। वर्ष 2022 में उनका नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भी दर्ज हो चुका है।

## नक्शा शीट घोटाला: तीन अधिकारियों पर एफआईआर, विभागीय जांच के आदेश

**बैकुंठपुर।** मनेंद्रगढ़ राजस्व क्षेत्र में पुराने व नवीन नक्शा शीट के दुरुपयोग को लेकर एक बड़ा मामला सामने आया है। कलेक्टर न्यायालय को प्राप्त शिकायत के बाद कार्रवाई करते हुए तत्कालीन प्रभारी अधीक्षक भू अभिलेख, पटवारी और राजस्व निरीक्षक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं।

शिकायत के अनुसार, मनेंद्रगढ़ अनुभाग के 25 गांवों की 62 नक्शा शीट जीर्ण-शीर्ण अवस्था में होने के कारण 14 जुलाई को नए नक्शे तैयार कराए गए। हालांकि, ग्राम मनेंद्रगढ़ के हल्का नंबर 14 में पहले से ही 5 नक्शा शीट उपयोग में थीं—जिनमें 2 पुराने और 3 नए नक्शे शामिल हैं। लेकिन पटवारी द्वारा अतिरिक्त तीन नक्शा शीट का अनुचित उपयोग किया गया, जिसे कलेक्टर ने गंभीर अनियमितता माना। कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए 30 सितंबर 2014 को प्रमाणित नक्शों को नियमानुसार लागू न किए जाने की पुष्टि के आधार पर तीन नक्शा शीट को अवैध घोषित कर दिया है। उन्होंने तहसीलदार को आदेश दिया कि उन नक्शा शीट्स को जब्त कर अभिलेखागार में जमा कराया जाए।

तत्कालीन पटवारी हल्का नंबर 14 सुरेंद्रपाल सिंह, वर्तमान शहरी राजस्व निरीक्षक प्रीतम बेक व तत्कालीन प्रभारी भू अभिलेख अधीक्षक मोहम्मद इस्तियाक ईराकी, इन तीनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा, सुरेंद्रपाल सिंह और प्रीतम बेक को निलंबित कर उनके विरुद्ध विभागीय जांच की प्रक्रिया भी प्रारंभ की जाएगी। इस प्रकरण में उस समय के तहसीलदार नीरजकांत तिवारी (जो वर्तमान में भरतपुर में पदस्थ हैं) के खिलाफ भी विभागीय जांच के आदेश जारी किए गए हैं। मामले की जांच आगे बढ़ाई जा रही है। यह कार्रवाई नक्शा एवं भू अभिलेखों की प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

### डौंडीलोहारा में ससुर की हत्या का खुलासा

**बालोद।** जिले के डौंडीलोहारा थाना क्षेत्र से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है जहाँ एक महिला ने अपने ससुर की हत्या कर दी। इस वारदात में उसके साथ एक युवक भी शामिल था, जो पेशे से संगीत शिक्षक बताया जा रहा है।

### दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे 1052 कोचों में लगा रहा अत्याधुनिक सीसीटीवी कैमरे

**रायपुर।** यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे अब तकनीकी उन्नयन की दिशा में बड़ा कदम उठा रहा है। इसी कड़ी में रेलवे ने अपने 1052 यात्री डिब्बों में अत्याधुनिक सीसीटीवी कैमरे लगाने का कार्य शुरू कर दिया है। इसका उद्देश्य रेलयात्रा को न केवल सुरक्षित बनाना है, बल्कि लोगों का भरोसा भी बढ़ाना है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश से गुजरने वाली कई ट्रेनें शामिल हैं। यह पहल प्रधानमंत्री के सुरक्षित और स्मार्ट रेलवे मिशन के अनुरूप है, जिसके तहत पूरे भारतीय रेलवे में तेज़ी से आधुनिकीकरण किया जा रहा है। रेलवे बोर्ड ने हाल ही में घोषणा की थी कि देशभर में लगभग 74,000 यात्री कोच और 15,000 इंजनों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इसी योजना के तहत स्श्वष्टक्र ज़ोन में शुरू किया गया यह काम यात्रियों के लिए एक अहम सुविधा है। कैमरों को डिब्बों के प्रमुख स्थानों ङ्क जैसे कि प्रवेश और निकास द्वारों के पास पर लगाया जा रहा है ताकि गतिविधियों पर सटीक निगरानी रखी जा सके। आरक्षित डिब्बों में 4 और अनारक्षित डिब्बों में 6 कैमरे लगाए जा रहे हैं। इंस्टॉलेशन के दौरान इस बात का विशेष ध्यान रखा गया है कि यात्रियों की निजता से कोई समझौता न हो, जबकि सुरक्षा मानकों को भी मजबूत किया गया है। रेल मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे उच्च गुणवत्ता वाले ऐसे कैमरे चुनें जो स्पष्ट वीडियो रिकॉर्ड कर सकें, चाहे रोशनी कम ही क्यों न हो।

### शिव मंदिर कांपा में भजन कीर्तन का आयोजन 21 को

**रायपुर।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी सावन सोमवार के शुभ अवसर पर कृषि उपज मंडी कांपा के पास स्थित शिव मंदिर में सोमवार 21 जुलाई को सुबह छह बजे जलाभिषेक सात बजे दुग्धाभिषेक के साथ विधिवत पूजा अर्चना का आयोजन श्रद्धालुओं की उपस्थिति में किया जाएगा। मंदिर के पुजारी गोकुल पांडेय ने जानकारी देते हुए बताया कि द्वितीय सोमवार होने के कारण भक्तों द्वारा विधिवत पूजापाठ का आयोजन मंदिर प्रांगण में कतारबद्ध किया गया है। सोमवार होने के कारण भोलेनाथ का विशेष श्रृंगार किया जाएगा।

## डेंगू पीड़िता के इलाज में लापरवाही और दुर्व्यवहार का मामला: डॉक्टर पर एफआईआर दर्ज

**अंबिकापुर।** अंबिकापुर में एक बच्ची के डेंगू और टायफाइड से पीड़ित होने के बाद इलाज में कथित लापरवाही और उसके परिजनों के साथ दुर्व्यवहार के मामले में महावीर अस्पताल के डॉक्टर सुधांशु किरण (एमडी मेडिसिन) के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। यह कार्रवाई कोर्ट के आदेश पर की गई है।

बच्ची के पिता, एडवोकेट नीरज वर्मा, जो मेयर कॉलोनी के निवासी हैं, ने बताया कि 5 सितंबर 2023 को उनकी बेटी की तबीयत बिगड़ने पर उन्होंने पहले नवापारा स्थित एक क्लिनिक में दिखाया, जहां डेंगू के लक्षण और खून की कमी पाई गई। इसके बाद 7 सितंबर को बच्ची को महावीर अस्पताल में भर्ती करने की कोशिश की गई। नीरज वर्मा का आरोप है कि ओपीडी और जांच के लिए भुगतान करने के बाद डॉक्टरों ने बच्ची को गंभीर हालत में बताया और खून व प्लेटलेट्स की जरूरत बताई। इलाज की प्रक्रिया शुरू हुई, लेकिन जनरल वार्ड में बेड न होने की वजह से बच्ची को घंटों कुर्सी पर बैठा कर रखा गया। परिजनों ने जब जमीन पर बिस्तर लगाने की इजाजत मांगी तो अस्पताल प्रबंधन ने नाराज़गी जताई।

इसके बाद स्टाफ ने कथित रूप से परिजनों के साथ बदसलूकी की, इलाज करने से मना कर दिया और उन्हें अस्पताल से बाहर निकाल दिया। यहां तक कि बच्ची की मेडिकल रिपोर्ट और इलाज से संबंधित दस्तावेज भी नहीं दिए गए। परिवार की शिकायत पर पहले गांधीनगर थाने में कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिसके बाद उन्होंने कोर्ट का रुख किया। कोर्ट के निर्देश पर गांधीनगर पुलिस ने डॉक्टर सुधांशु किरण के खिलाफ आईपीसी की धारा 270 (संक्रमण फैलाने वाला लापरवाह कार्य) और 294 (गाली-गलौज) के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस अब इस मामले की जांच कर रही है।

## पति ने किया पत्नी के साथ अमानवीय व्यवहार



**बलरामपुर।** बलरामपुर रामानुजगंज वाड्रफनगर के त्रिकुंडा थाना क्षेत्र में एक पती ने हैवानियत की सारी हदें पार कर दी जहाँ एक महिला को उसके पति, सास और ससुर ने एक हफ्ते तक बंधक बनाकर बेरहमी से प्रताड़ित किया। पुलिस ने मामले में प्राथमिक की दर्ज कर ली है। आरोप है कि महिला को गर्म सलाखों से जलाया गया और मुंह में कपड़ा ठूंसकर उसका चेहरा गर्म पानी में डुबोकर मारने की कोशिश की गई। पिड़िता की मानें तो आरोपी पति का दुसरी महिला के साथ अवैध संबंध है और वह उससे शादी करना चाहता था इसी लिए उसे मारने की कोशिश की गई , पिड़ित महिला किसी तरह जान बचाकर थाने पहुँची और पूरी आपबीती सुनाई।पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी आकाश तिवारी को गिरफ्तार कर लिया है। और सास और ससुर फरार बताये जा रहे हैं आरोपी आकाश तिवारी वाड्रफनगर में चाणक्य अकैडमी नामक का कोचिंग संस्थान संचालित करता है।पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर भारी आक्रोश है और आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की जा रही है। यह सनसनीखेज मामला समाज को झकझोर कर रख देता है और एक बार फिर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े करता है।

### बीएसपी कर्मी पर तलवार से हमला

**दुर्ग।** जिले के भिलाई शहर में कुख्यात 'अमित जोश गैंग' एक बार फिर से सक्रिय होता नजर आ रहा है। एनकाउंटर में मारे जा चुके अमित जोश के जीजा लकी जॉर्ज और उसके साथी यशवंत नायडू पर बीएसपी (भिलाई स्टील प्लांट) कर्मी चन्द्रकान्त वर्मा पर जानलेवा हमला करने का आरोप है। जानकारी के अनुसार, चन्द्रकान्त वर्मा रात 10 बजे सेक्टर-5 मार्केट में सामान लेने गए थे।

## भैंसों को बुचड़खाना ले जाई जा रही पिकअप पलटी 1 की मौत, नाबालिग समेत 6 तस्कर गिरफ्तार

**बलरामपुर।** मवेशियों से भरी एक पिकअप बलरामपुर थाना क्षेत्र के सेमरसोत जंगल में एनएच पर गुरुवार की सुबह पलट गई थी। सूचना पर पुलिस पहुंची तो उसमें 6 नग भैंस मिले, जिनमें से एक की मौत हो गई थी। भैंसों को पिकअप में ठूस-ठूसकर भरा गया था। इस मामले में पुलिस ने एक नाबालिग समेत 6 तस्करों को अलग-अलग जगह से गिरफ्तार किया है। पिकअप को 2 बाइक व कार में सवार आरोपी पायलेटिंग कर झारखंड के बूचडखाना ले जा रहे थे। पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर शुक्रवार को सभी को जेल भेज दिया है। अब लोगों की बीच यह चर्चा है कि यदि पिकअप नहीं पलटी होती तो पुलिस उन्हें नहीं पकड़ पाती।

बलरामपुर कोतवाली पुलिस को गुरुवार की सुबह मुखबिर से सूचना मिली कि सेमरसोत जंगल में एनएच पर पिकअप क्रमांक जेएच 07 एम- 8499 पलट गई। उसमें मवेशी भरे हुए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की तो एक मवेशी की मौत हो चुकी थी।




मवेशी तस्करी की पुख्ता जानकारी के बाद पुलिस ने अज्ञात तस्करों के खिलाफ अपराध दर्ज कर उनकी खोजबीन शुरु की। इसी बीच पुलिस ने 3 तस्करों को बलरामपुर में भागने के दौरान पकड़ लिया। वहीं उनकी निशानदेही पर एक आरोपी को राजपुर थाना क्षेत्र तथा 2 आरोपियों को अंबिकापुर से दबोचा गया। इनमें एक नाबालिग भी शामिल है।

पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि आरोपी लुंड्रा थाना क्षेत्र के ग्राम उदारी निवासी मो. वजुल हक अंसारी झारखंड के पशु तस्करों के साथ मिलकर बतौली, रघुनाथपुर क्षेत्र से 6 नग भैंस को पिकअप में लोड कर झारखंड स्थित कत्लखाना ले जाने के लिए निकले थे। पिकअप को विधि से संघर्षरत बालक चला रहा था। जबकि उसमें आरोपी अर्जुन दास व एक अन्य तस्कर बैठे थे।

वहीं आरोपी खुर्शीद अंसारी पुलिस से बचने पिकअप से करीब 2 किलोमीटर आगे कार में झारखंड के एक अन्य पशु तस्कर के साथ पायलेटिंग कर रहा था। इसी बीच पिकअप सेमरसोत जंगल में एनएच पर पलट गई। इसके बाद सभी आरोपी फरार हो गए थे।

बलरामपुर पुलिस ने धारा 4, 6, 10 पशु परिरक्षण अधिनियम, 11(1)(घ) पशु क्रूरता अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर सभी को जेल भेज दिया। कार्रवाई में बलरामपुर कोतवाली टीआई भापेन्द्र साहू, एसआई किरणेश्वर प्रताप सिंह, एएसआई राधेश्याम विश्वकर्मा, सुधीर तिर्की, प्रधान आरक्षक शीपक शर्मा, शैलेंद्र तिवारी, नागेंद्र पांडे, आरक्षक सचिंद्र सिंह, महेंद्र गुप्ता, दलसाय, बीरू पैकरा, सलीम आयाम व कुलदीप शामिल रहे।

कोलकाता में हुए विवाह को हाईकोर्ट ने किया अवैध घोषित

# क्या परिजनों की मर्जी से हो सकेगा शोभा का विवाह?

**कोरबा।** कटघोरा क्षेत्र की रहने वाली युवती शोभा सिंह का कोलकाता में हुआ विवाह अब कानूनी रूप से अमान्य हो गया है। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने इसे अवैध घोषित कर दिया है। परिजनों और हिंदू संगठनों की आपत्ति के बाद यह मामला न्यायालय पहुंचा था। अब सवाल उठ रहा है कि क्या युवती का विवाह अब परिजनों की मर्जी से वैधानिक रूप से संपन्न हो सकेगा?

प्राप्त जानकारी के अनुसार, शोभा सिंह को तौसीफ नामक युवक बहला-फुसलाकर कोलकाता ले गया, जहां कथित रूप से उसका फर्जी विवाह किया गया और नाम भी दस्तावेजों में बदल दिया गया। परिजनों का कहना है कि यह पूरा मामला लव जिहाद से जुड़ा है और इसके पीछे एक संगठित गिरोह काम कर रहा है। हाईकोर्ट ने सुनवाई के दौरान यह स्पष्ट किया कि युवती के हितों की रक्षा के लिए उसके माता-पिता की भूमिका अहम है। कोर्ट के आदेश के बाद शोभा को पहले सखी केंद्र और फिर उज्ज्वला केंद्र (बालकोनगर) में सुरक्षित रखा गया है। कोर्ट के निर्देश अनुसार, अब किसी भी वैधानिक कार्यवाही के लिए परिजनों की सहमति आवश्यक होगी।


बोगस विवाह के खिलाफ प्रशासन को आपत्ति देते हुए सर्व ब्राम्हण समाज के प्रतिनिधि

### 26 जुलाई को धर्मसेना का आंदोलन

इस मामले के विरोध में धर्मसेना ने 26 जुलाई को एक विशाल प्रदर्शन की घोषणा की है। संगठन का कहना है कि लव जिहाद, जबरन धर्मांतरण और ऐसे मामलों की बढ़ती संख्या को रोकने के लिए अब जनदबाव बनाना जरूरी हो गया है। अधिकारियों को प्रदर्शन की सूचना दे दी गई है। संगठन ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## हरदीबाजार व चैतमा सब स्टेशन के सामने हुआ प्रर्दशन

**कोरबा।** बिजली की समस्या को लेकर कांग्रेस द्वारा लगातार प्रदर्शन किये जा रहे है। हरदीबाजार में पूर्व विधायक पुरषोत्तम कंवर के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया। इस दौरान ब्लाक अध्यक्ष पुष्पेंद्र शुक्ला, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रभा तंवर, पूर्णिमा साहू, संतोषी पाटले सहित अनेकों कार्यकर्ता मौजूद थे। चैतमा में भी कांग्रेसियों द्वारा बिजली समस्या को लेकर प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस जिला ग्रामीण अध्यक्ष मनोज चौहान के निर्देश पर सभी ब्लाकों में आंदोलन हो रहे हैं। बांकी में भी टीकाराम मनहर के नेतृत्व में प्रदर्शन किया जाएगा। जिसकी तैयारी यहां की जा रही है। इस क्षेत्र के कांग्रेसी राजेश मानिकपुरी, कृष्णादास, फिरोज अनंत सहित सभी कार्यकर्ता तैयारी कर रहे हैं। कटघोरा ग्रामीण ब्लाक अध्यक्ष गोरेलाल यादव ने बताया कि कटघोरा सब स्टेशन के सामने प्रदर्शन होगा। इस प्रर्दशन में ब्लाक अध्यक्ष राजीव लखन पाल, सांसद प्रतिनिधि अशोक देवांगन सहित अनेकों कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। दीपका ब्लाक क्षेत्र के दीलिप सिंह, अनिता तिवारी व सद्दाम के द्वारा आंदोलन की तैयारी की जा रही है।

# धनरास राखड़ डेम के नाले में गिरकर हुई किसान की मौत

एनटीपीसी के सुरक्षा प्रबन्ध पर फिर सवाल



**कोरबा।** एनटीपीसी के धनरास स्थित राखड़ डेम के नाले में गिरने से एक किसान की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान 45 वर्षीय गणेश राम के रूप में हुई है, जो सुबह खेत की ओर जा रहा था। घटना शनिवार सुबह की बताई जा रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि खेत जाते समय गणेश राम नाले के किनारे से गुजर रहा था, तभी पैर फिसलने से वह सीधे नाले में गिर पड़ा। सूचना मिलने पर कटघोरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नाले से बाहर निकाला गया।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि एनटीपीसी प्रबंधन द्वारा डेम क्षेत्र में कोई भी सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई है। नाले के किनारे न तो तार फेंसिंग है और न ही कोई चेतावनी संकेतक लगाया गया है। इससे पहले भी इसी तरह की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन प्रशासन और प्रबंधन ने इससे कोई सबक नहीं लिया। धनरास गांव के लोगों में इस घटना के बाद भारी आक्रोश है। ग्रामीणों ने मांग की है कि राखड़ डेम क्षेत्र की घेराबंदी की जाए और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई हो। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कटघोरा में होगा स्वागत

**कोरबा।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरूण साव के आगमन पर कटघोरा चौक पर उनका भाजपाईयों द्वारा स्वागत किया जाएगा। श्री साव कटघोरा होते हुए कोरबा आएंगे। कोरबा पहुंचने पर उनका विधायक प्रतिनिधि प्रीतम देवांगन, उपाध्यक्ष हीरानंद पंजवानी,मंडल अध्यक्ष अभिषेक गर्ग, समजीत सिंह, डेकराम देवांगन, अविनाश केशरवानी, जयगर्ग, अनुराग दुलानी, किशन केशरवानी, रमेश श्रीवास सहित अन्य कार्यकर्ताओं के नेतृत्व में स्वागत किया जाएगा।

## कोयला मजूदर पंचायत सौंपेगा ज्ञापन

**कोरबा।** कोयला मजदूर पंचायत के गेवरा एरिया अध्यक्ष विमलदास द्वारा कार्यकर्ताओं की बैठक ली गई और कोयला कामगारों की समस्याओं को लेकर प्रबंधन को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया। गेवरा परियोजना में कार्यरत कामगार अनेकों समस्याओं से जूझ रहे हैं। खासकर सड़क मार्ग निर्माण क्षेत्र में होना जरूरी है। ताकि कोयला कामगार दुर्घटना से बच सके इसी तरह बिजली-पानी की समस्या बनी हुई है। इनके समाधान को लेकर हर कोई उदासीन है।

## देशी शराब की बोतल में कीड़ा, हुआ हंगामा

**कोरबा।** शराब के शौकिनों की चिंता कई कारणों से बढ़ रही है। अगर उनकी प्रिय चीज में अगर खतरनाक जीव जंतू नजर आये तो परेशान होना लाजिमी है। कटघोरा की सरकारी देशी शराब दुकान से खरीदी गई एक बोतल में कीड़ा मिलने के बाद लोगों ने हंगामा किया।

मामला रविवार का है। मुख्य मार्ग पर आबकारी विभाग के द्वारा शराब दुकान का संचालन किया जा रहा है। छग एक्साईज की ओर से लॉंच किये गए प्रोडक्ट यहां पर रखे गए हैं। 10 घंटे से भी अधिक समय तक दुकान से लोगों को सुविधा प्राप्त हो रही है, जो शराब का उपयोग करते हैं। खबर के अनुसार आज सुबह यहां शराब के लिए पहुंचे थे। इस दौरान क्रय की गई एक बोतल का अवलोकन करने पर डर के साथ हंगामा हुआ। वजह यह थी कि बोतल में काले रंग का कीड़ा मौजूद था। शराब के लिए संबंधित व्यक्ति ने भुगतान कर दिया था। ऐसे में हंगामा का आधार मजबूत हो गया। खबर हुई तो आसपास के लोग भी यहां जमा हो गए। उन्होंने कहा कि हम लोग कामकाज की थकान और टेंशन कम करने के लिए जिस चीज का इस्तेमाल करते हैं वह हमारे स्वास्थ्य के लिए टेंशन पैदा कर रही है।



उन्होंने सवाल उठाया कि जब बॉटलिंग प्लांट में सुरक्षित रूप से कामकाज किया जा रहा है तो शराब की बोतल में कीड़ा कहां से आ गया। इससे पहले कोरबा जिले की कुछ दुकानों में शराब में मिलावट करने के मामले सामने आ चुके हैं और इसे लेकर गंभीर सवाल खड़े हो चुके हैं।


बरीश बंद होने के साथ धान रोपाई के कामों में तेजी आई।

## स्विमिंग के लिए 22 तक पंजीयन

**कोरबा।** जूनियर जिला स्तरीय स्विमिंग कंपटीशन के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिला स्विमिंग एसोसिएशन के सचिव अशोक सक्सेना ने बताया कि जो भी प्रतिभागी इससे प्रतियोगिता में शामिल होना चाहते हैं, वह अंतिम रूप से 22 जुलाई तक दस्तावेज जमा कर पंजीयन कर सकते हैं। पंजीयन के आधार पर ही संबंधित को जिला स्तरीय स्विमिंग कंपटीशन में शामिल होने का अवसर प्राप्त होगा।

# घटिया कोयला भेजा, बिजली कंपनी ने की कटौती



**कोरबा।** एसईसीएल की मेगा माईंस गेवरा एक बार फिर सुर्खियों में है। मामला घटिया कोयला की आपूर्ति करने से जुड़ा हुआ है। कुछ बिजली घरों में इस तरह की शिकायत के बाद कोयला कंपनी को भुगतान के मामले में कटौती की है।

बताया गया कि गेवरा माईंश से विभिन्न क्षेत्रों को भेजे गये कोयला में लगातार शिकायतें आ रही है। इनमें कहा गया है कि कोयला के साथ छोटे-बड़े सैल, पत्थर और दूसरे पार्टीकल शामिल है। इस वजह से बिजली घरों के संचालन में तकनीकी खामियां आ रही है। भले ही पावर प्लांट में अपने यहां कोयला क्रश करने के लिए संसाधन लगा रखा है लेकिन मूल स्वरूप में अंतर आने से प्रक्रिया बाधित हो रही है। खबर के अनुसार कई कोल लिफ्टर की ओर से इस तरह की शिकायत की गई, जिसके बाद कोयला कंपनी को किये जाने वाले सकल भुगतान में काफी कटोती की गई। इससे कंपनी की गुणवत्ता नीति और विश्वसनीयता पर असर पड़ा।

## सतनाम कल्याण समिति की बैठक आज

**कोरबा।** सतनाम कल्याण समिति की बैठक आज टीपी नगर स्थित कार्यालय में आयोजित की गई है। इस बैठक में चुनाव को लेकर चर्चा की जाएगी। अभी तक सतनाम कल्याण समिति का चुनाव नहीं हो पाया है। रूप रेखा बनाने के लिए अध्यक्ष यूआर महिलांगे, नारायण कुर्रे, डॉ. जयलहरे, सरजू अजय, विजय मिरी, डहारूराम सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। सिष्टा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आरपी खांडे को भी इस बैठक में बुलाया गया है।

## कुचैना मार्ग पर होगा आंदोलन

**कोरबा।** युवा कांग्रेस द्वारा गेवरा कुचैना मार्ग निर्माण के लिए जिलाप्रशासन बांकीमोंगरा को अलग-अलग पत्र लिखा गया है। जिसमें युवा कांग्रेस के कटघोरा विधानसभा अध्यक्ष रहमान खान ने कहा कि कुचैना मार्ग काफी जर्जर हो गया है। मार्ग के निर्माण के लिए लगातार अधिकारियों से कहा जा रहा है। मार्ग खराब होने से लोगों को आने जाने में काफी परेशानी होती है। कई बार दुर्घटनाएं भी हो चुकी है। कटघोरा विधानसभा अध्यक्ष रहमान खान के साथ ब्लाक अध्यक्ष कुणाल आजाद अंकुर देवांगन, घनश्याम दीवान, जयंत चंद्रा, माधव राज, सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सौंपा है। मार्ग के निर्माण नहीं होने पर आने वाले दिनों में आंदोलन किया जाना है। इसके लिए अभी से ही तैयारी हो गई है।




## वाहन चालक की तलाश कर रही पुलिस

**कोरबा।** उरगा पुलिस एक्सिडेंट के एक मामले में वाहन चालक की तलाश कर रही है। पुलिस ने बताया कि भैंसमा के पास हुए एक्सिडेंट में 50 वर्षीय नरेंद्र जायसवाल की मौत हो गई। उरगा पुलिस ने इस पर मर्ग कायम किया है।

## एजेंसी को नोटिस

**कोरबा।** मेडिकल कॉलेज प्रबंधन के द्वारा मरीजों के लिए भोजन आपूर्ति करने वाली एजेंसी को नोटिस जारी किया गया है। मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. केके सहारे ने बताया कि मरीजों को दिये जाने वाले भोजन की गुणवत्ता को लेकर शिकायतें मिली। इसमें प्रोटिन की मात्रा का अभाव देखा गया, इसलिये यह गंभीर गलती है।







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रासंपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com